न्यूज ब्रीफ

## सीएचसी में मनाया कन्या जन्मोत्सव

**कानपुर देहात।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-पांच के द्वितीय चरण के में सीएचसी रूरा में नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम सीएचसी प्रभारी डा प्रतीक पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक द्वारा चार नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट उपहार स्परूप भेंट की गई। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा वहां उपस्थित आम जनमानस व महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत आवेदन हेतु सभी बालिकाओं को विभिन्न श्रेणीयों में आवेदन करने हेतु जानकारी दी गई।

## विधायक ने मेधावी छात्रा को शाबाशी दी

**शिवली।** क्षेत्र के बडागांव स्थित एक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। मुख्य अतिथि रसूलाबाद विधान सभा की क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार को पूर्व प्रधान सोनू तिवारी ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे। नुनारी बहादुरपुर अटिया की छात्रा प्रतिज्ञा तिवारी कक्षा 8 ने स्कूल टॉप किया। विधायक ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर उसका हौसला बढ़ाया। साथ ही अलग-अलग कक्षाओं में आए मेधावी छात्रों को स्कूल स्टाप ने सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन समिति से जुड़े डायरेक्टर गोविंद अग्निहोत्री ने उपस्थित लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान अमित सिंह मोहित त्रिवेदी, मिंटू शुक्ला, मौजूद रहे।

## ईश्वर सदैव करते शरणागत की रक्षा

**रसूलाबाद।** भगवान हमेशा अपने शरणागत की रक्षा करते हैं। चाहे परिस्थितियां कितनी भी विकट क्यों न हों। जब कोई सहारा न हो तब भगवान की भक्ति ही सबसे बड़ी ढाल है। यदि विश्वास दृढ़ हो तो भगवान असंभव कार्य भी पूरा कर देते हैं। मनुष्य चाहे जो भी काम करें, सदैव ईश्वर का स्मरण करता रहे। यह बात जोत गांव के शिव मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक हरि ओम दीक्षित ने परीक्षित जन्म के प्रसंग में लोगों को बताई। कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक ईश्वर की दया और कृपा हमें थामे रखती है। उन्होंने बताया कि परीक्षित का जन्म अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से हुआ था। भगवान ने अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से उत्तरा के गर्भ में ही परीक्षित की रक्षा की थी। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि जन्म लेते ही परीक्षित सबके चेहरे की ओर देखने लगे और विचार करने लगे कि किस-किस को मैंने मां के गर्भ में देखा था। जिनको मैंने देखा था वह चतुर्भुजी गदा लिए पीतांबर धारी, श्याम वर्ण प्रभू कहां है। उनकी इन्हीं कलाओं को देखकर लोगों ने उनका नाम परीक्षित रख दिया। उन्होंने कहा कि वास्तव में संसार का हर जीव परीक्षित ही है और वह तक्षक रूपी काल के द्वारा डसे जाने के श्राप से श्रापित है। जिससे बचने का एकमात्र उपाय भगवान नाम का संकीर्तन ही है। इससे लोगों को अधिक से अधिक भगवान नाम का जप एवं कीर्तन करना चाहिए। उन्होंने कर्मों के अटूट नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंसान कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, ईश्वर के आगे कुछ भी नहीं है। जब कोई सहारा नहीं होता, तब ईश्वर ही रक्षक होते हैं।

# मायके में शरण और मकान मिलने से दुश्मन बन गए रेशमा के दो भाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- **फोन पर अक्सर रेशमा को अंजाम भुगतने की धमकी देते थे दोनों**
- **दूसरी बहन ने दोनों सगे भाइयों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** पिता द्वारा दिया गया मकान रेशमा की मौत की वजह बना। भाई मोइनुद्दीन उर्फ बड़े और नियाज इस बात से खफा थे कि रेशमा ससुराल में रहने की बजाय मायके में क्यों रह रही। पिता ने रेशमा को मकान दे दिया तो दोनों भाई उसकी जान के दुश्मन बन गए। मकान के लिए भाइयों ने मुकदमा भी लड़ा, मगर हार गए। तब उसे मार कर रास्ते से हटाने का फैसला किया और सोमवार रात नुकीले हथियार से सिर पर वार कर रेशमा की हत्या कर दी। दूसरी बहन ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश में लगी है।

मूसानगर के फत्तेपुर निवासी स्व. हाजी अहमद की बेटी रेशमा की शादी सिकंदरा निवासी अनवार के साथ करीब 15 वर्ष पूर्व हुई थी। पति से विवाद पर रेशमा करीब छह वर्ष से मायके फत्तेपुर में ही रह रही थी। पति से तलाक का मामला कोर्ट मे विचाराधीन है। रेशमा के दो पुत्र यान और ईशान हैं। दोनों सिकंदरा में पिता के साथ रहते हैं। पिता हाजी अहमद ने पारिवारिक स्थितियां देख मकान रेशमा के नाम कर दिया था। इसकी भनक लगने पर भाई मोइनुद्दीन उर्फ बड़े और नियाज ने आपत्ति जताना शुरू कर दिया। कोर्ट में मुकदमा किया तो हार गए। तब सोमवार की रात सिर पर किसी चीज से वार कर रेशमा (40) की हत्या कर दी। कमरे में खून से लथपथ शव पड़ा मिला। बहन सीमा का कहना है कि तीन भाइयों में मोइनुद्दीन और नियाज मकान रेशमा के नाम किए जाने से खफा थे। वह अक्सर रेशमा पुत्री नतीजा भुगतने की धमकी देते थे। बकौल सीमा शनिवार दोपहर करीब 4 बजे उसकी रेशमा से आखिरी बार बात हुई थी। उसने भाइयों द्वारा जान से मारने की धमकी देने की बात बताई थी। इस से रेशमा डरी हुई थी। सोमवार की रात उसकी हत्या हो गई। सीमा ने यह भी बताया कि करीब डेढ़ साल पहले पिता का इंतकाल हो गया था। तब से रेशमा मुगल रोड किनारे अधबने मकान में रह रही थी। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मकान का निर्माण चल रहा था। क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि बहन की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें छापामारी कर रहीं हैं। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जंग से वाहनों की रफ्तार पर लगने लगा ब्रेक

हनुमान गुप्ता, कानपुर देहात

**03** हजार गाड़ियों की औसतन रोज कम हुई आवाजाही | **10** लाख रुपये बारा टोल पर घट गया रोज का टैक्स

- **गैस की परेशानी से पुराने जमाने पर लौट रही भोजन व्यवस्था**

**अमृत विचारः** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग ने घर और कारोबार से लेकर सड़क तक असर दिखाना शुरू किया है। रसोई गैस की समय पर उपलब्धता न होने से घरों में हल्ला मचा है। गैस पर आधारित कारोबार भी बुरी तरह चरमराए हैं। सिलेंडर न मिलने से खान-पान की दुकानों में पुराने जमाने की कोयला भट्ठियां बननी शुरू हुई हैं। दूसरी तरफ, ईंधन मिलने में आ रही समस्या ने सड़क पर वाहनों की भीड़ भी कम कर दी है। बारा टोल के ट्रैफिक को देखें तो एक पखवारे में यहां गुजरने वाले वाहनों की तादाद करीब दस फीसदी घट गई है।



गैस सिलेंडर नहीं मिला तो लकड़ी जलाकर बनी भंडारे की पूड़ियां। अमृत विचार

गैस सिलेंडर के लिए लोग बुरी तरह परेशान हैं। एजेंसियों पर तड़के लोगों की कतार लग रही। ऑन लाइन बुकिंग का आलम यह है कि रिक्वेस्ट का रिस्पांस नहीं आ रहा। जिन्हें रिस्पांस मैसेज मिल रहा, उन्हें डीएसी मिलने में दिक्कत आ रही। कस्बाई और शहरी इलाकों की बात करें तो यहां उपभोक्ता अलग तरह की परेशानी का शिकार हैं। नगर पंचायत क्षेत्र का निवासी होने के बाद भी उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र की लिस्टिंग के अनुरूप 25 दिन की जगह 45 दिन में सिलेंडर की डिलीवरी की बात कही जा रही। व्यापारी नेता मोनू गुप्ता ने उच्चाधिकारियों से समस्या के निदान की मांग की है।

घर की तरह, दुकानों-होटलों का हाल खराब है। सिलेंडर न मिलने के कारण नाश्ते-चाय और मिठाई के दुकानदार कोयले की भट्ठियां तैयार करने में लगे हैं। कोयला महंगा है, सो उत्पादों में महंगाई आ गई है। युद्ध के कारण डीजल और पेट्रोल की भी समस्या है। अफवाहों के कारण लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन ले रहे। माना जा रहा कि इसी के कारण कमी नजर आ रही। पंपों पर ईंधन की किल्लत से सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित है। बहुत सी जगहों पर खुद की गाड़ियों की जगह लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा ले रहे। इस कारण हाईवे का ट्रैफिक कम हुआ है। फरवरी के अंत तक बारा टोल पर प्रतिदिन औसतन 35 हजार गाड़ियां गुजर रहीं थीं। अब यह संख्या 32हजार रह गई है। रोज करीब दस लाख 50 हजार रुपये का टोल टैक्स घटा है।

# पेट में दर्द और थम गई महिला की सांस

## रसूलाबाद थाना क्षेत्र के निभू गांव की घटना, ससुर ने डॉयल 112 पर फोन कर बुलाई पुलिस

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** निभू ग्राम में मंगलवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके पेट में दर्द होने पर उसका पति उसे सीएचसी रसूलाबाद ला रहा था, मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस पर उसके ससुर ने यूपी 112 डायलकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार व चौकी इंचार्ज असालतगंज पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवाया गया। मामले की जांच की जा रही है।



रवीना।



पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद लिखा-पढ़ी की। अमृत विचार



रवीना की मौत के बाद गमगीन बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

- **नायब तहसीलदार के साथ पुलिस ने मामले की छानबीन की**
- **फिलहाल तहरीर नहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार**

निभू निवासी विनय संखवार ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी रवीना (28) के पेट में सुबह लगभग 7 बजे दर्द हुआ। असहनीय दर्द होने पर वह उसे उपचार के लिए सीएचसी ले जा रहा था, किंतु उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस पर उसके पिता रामविलास संखवार ने इसकी सूचना यूपी 112 डायलकर पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह, नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह ,असालातगंज चौकी प्रभारी केशव देव पुलिस बल सहित मौके पर पहुंच गए एवं आवश्यक जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलवाया। इसके साथ ही मृतका रवीना के मायके भौती में भी इसकी सूचना दी गई है।

बताया गया कि रवीना के एक 3 वर्षीय पुत्री है, जो ननिहाल में रहती है। रवीना के मायके से उसके पिता नरेश कुमार, मां उमा देवी सहित अन्य लोग आए। पुलिस की छानबीन में पिता नरेश कुमार ने उसके बीमार रहने की बात बताई है। बताया कि उसका विवाह 4 वर्ष पूर्व हुआ था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि यूपी 112 डायल पर सूचना मिली थी। मौके पर वे स्वयं नायब तहसीलदार व असालतगंज चौकी प्रभारी के साथ पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलवाया गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# निकाह का झांसा देकर रेप करने वाला पकड़ा गया

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** शादी करने का झांसा देकर एक बालिका के साथ दुष्कर्म करते रहने के आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को रसूलबाद बेला रोड पर उसरी के समीप बंद पड़े ईंट भट्ठे के सामने से गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

कस्बे के एक वार्ड निवासी एक युवती ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए बताया कि तुलसी नगर निवासी सिराज खान उर्फ मिथुन ने उसके साथ निकाह का झांसा देते हुए करीब 5 वर्षों तक शारीरिक शोषण किया। 17 मार्च 2026 की रात लगभग 12बजे मिथुन खान उसके घर में जबरन घुस गया और दुष्कर्म करने लगा। उसी समय पीड़ीत के भाई एवं भाभी द्वारा देख लेने पर वह मौके से भाग गया और निकाह से इनकार कर दिया। पुलिस द्वारा कोई सुनवाई न करने पर उसने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों से की थी। अफसरों के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने उक्त मामले ने मंगलवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम सिंह, मुख्य आरक्षी रामाधार व आरक्षी विनोद पुरी ने रसूलाबाद बेला रोड पर उसरी के समीप स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठे के समीप आरोपी सिराज खान उर्फ मिथुन (30) को गिरफ्तार संबंधित धाराओं में न्यायालय के समक्ष पेश किया है।



गिरफ्त में सिराज खान उर्फ मिथुन।

# गर्भवती और बच्चों को लगाएं टीके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** डीएम कपिल सिंह और सीडीओ विधान जायसवाल ने मंगलवार को जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय व विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक की। संस्थागत प्रसव बढ़ाने, मातृत्व मृत्यु दर में कमी लाने, जननी सुरक्षा योजना का लाभ देने, सभी गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए।





कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

डीएम ने मातृत्व मृत्यु के सम्बन्ध में विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरबीएसके टीम कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर प्रभावी कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा वर्तमान में मच्छर जनित विभिन्न बीमारियों के सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरती जाये, आने वाले सभी मरीजों की जांच की जाये। बैठक में टीकाकरण, आभा आईडी, टीवी, तम्बाकू उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अर्न्तविभागीय बैठक की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

सीएमओ को कंट्रोल रूम बनाकर अभियान की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व अभिशाषी अधिकारी को ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, एन्टी लार्वा छिड़काव, फागिंग एवं जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों को कार्ययोजना के अनुरूप करायें जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, सीएमएस वन्दना सिंह सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, सभी एमओआईसी, ईओ आदि उपस्थित रहे।

# 9 स्टेटिक और एक मोबाइल खरीद केंद्र

**रसूलाबाद।** तहसील क्षेत्र में 30 मार्च से कुल 9 गेहूं केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू हो गई है। सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। तहसील में एक मोबाइल खरीद केंद्र की भी सुविधा है। यदि किसी गांव में बड़ी मात्रा में गेहूं उपलब्ध होगा और वहां तक ट्रक जाने की सुविधा होगी तो वहां से सीधे ट्रक भेजकर गेहूं उठवाया जाएगा।

एसएमआई तोषकर झा ने बताया कि रसूलाबाद प्रथम, रसूलाबाद द्वितीय, बीपैक्स रसूलाबाद, रतनपुर कस्तूरी, सलेमपुर महेरा, पहाड़ीपुर, नौहनौगांव और मकरंदपुर कहिजरी में केंद्र हैं। यहां बैठने, पेयजल, तौल कांटा, बोरी, छाया, भुगतान जैसी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। खरीद केंद्रों नियमित निरीक्षण किया जाएगा। किसानों से भी अपील की है कि वह अपनी उपज सरकारी खरीद केंद्र पर ही बेंचे, ताकि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिल सके।

# जनपद में लागू करेंगे एक बार और एक वोट का सिद्धांतः जितेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** न्यायालय में पहला हित वादकारी का होगा। जिला बार की कार्यकारिणी इसी सोच के साथ आगे बढ़ेगी। यह बात जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कार्यकारिणी के शपथग्रहण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता एकता का नारा तभी सही साबित होगा, जब जनपद में एक बार और एक वोट का सिद्धांत लागू होगा। इस पर काम करना कार्यकारिणी की पहली प्राथमिकता होगी।



शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान। अमृत विचार

माती कचहरी में आयोजित समारोह में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, महामंत्री नरेंद्र सिंह सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ प्रभा यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष श्रीकान्त राठौर, संयुक्त मंत्री जयगोपाल राजपूत सहित कार्यकारिणी सदस्य रईश अहमद, गोपी सिंह, संतोष सिंह, राहुल कुमार, श्याम कुमार, अनुज प्रताप सिंह, अजीत सिंह, प्रमोद कुमार, संजय सिंह ने शपथ ली। संस्था का चार्ज निवर्तमान अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव व महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर ने नई समिति को सौंपा। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने संस्था के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। समारोह में कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री आदित्य सिंह, लायर्स एसोसिएशन कानपुर के पूर्व महामंत्री जितेंद्र सिंह तोमर, अभिषेक तिवारी, पूर्व मंत्री आदित्य दीक्षित, अभय शर्मा, अजय प्रताप सिंह सेंगर, यश कुमार शुक्ला, वरुण भदौरिया, उदय द्विवेदी, राजेश सिंह भदौरिया, शिव प्रताप सिंह चौहान आदि रहे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र गुप्ता बाबू ने किया।

# मां अन्नपूर्णा के दरबार में छका प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** अकबरपुर के सब्जी मंडी मोहल्ले में मां अन्नपूर्णा जी के मंदिर का 5वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। विधि-विधान से मां अन्नपूर्णा की पूजा-आराधना हुई। हवन कुंड में आहुतियां दी गई। दोपहर बाद से श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।



भंडारे को प्रसाद परोसते पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह। अमृत विचार

वैवाहिक कार्यक्रमों में जिस जगह देवी पूजन होता था, उसी स्थान पर मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया गया है। हर साल त्रयोदशी को पूजा और चतुर्दशी को भंडारा होता है। स्थापना दिवस पर मंदिर को सजाया गया। सुबह-शाम को मां की आरती की गई। पंजीरी और पंचामृत का प्रसाद बांटा गया। देर रात तक धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए। मंगलवार को पं अशोक कुमार मिश्रा की देखरेख में कार्यक्रम प्रारंभ हुए। सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां के भजन गाए गए। इसके बाद हवन कुंड में आहुतियां भेंट की गई। दोपहर करीब एक बजे से भंडारा चालू हो गया। श्रद्धालुओं को सब्जी पूरी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। स्थानीय युवाओं ने उत्साह के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। नगर के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन ने भी प्रसाद परोसा। इस अवसर पर सभासद जहान सिंह यादव, गंगाराम गुप्ता, दुर्गाशंकर मिश्रा, नमो नारायण मिश्रा, केशव मिश्रा, रजत गुप्ता, शुभम गुप्ता, रामजी गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, तुषार विश्वकर्मा, सोनू यादव आदि ने सहयोग किया।

एकल ऑन व्हील | डीएम, एसपी और सीडीओ की मौजूदगी में कानपुर एडीजी आलोक सिंह ने दिखाई हरी झंडी

# डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी कंप्यूटर बस

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां में रेलवे के कलपुर्जे बनाने वाली फ्रंटियर अलॉय स्टील्स लिमिटेड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा से वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए एक एकल कंप्यूटर लैब बस प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजी आलोक सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकल ऑन व्हील कंप्यूटर बस का उद्देश्य ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। फैक्ट्री 2022 में भी एक बस प्रदान कर चुकी है।



एडीजी ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। अमृत विचार



हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई कंप्यूटर बस। अमृत विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एडीजी कानून-व्यवस्था आलोक सिंह ने कहा कि डिजिटल शिक्षा को गांव गांव ले जाएं ये गर्व की बात है। फैक्ट्री द्वारा दी गई पहली बस अभी तक कानपुर देहात के 9 प्रतिशत 51 गांव में पहुंची है। अभी और बड़ा हिस्सा बाकी है, उम्मीद है कि दूसरी बस से अधिकांश गांव तक डिजिटल शिक्षा पहुंचे। उन्होंने कहा कि चौरिटी से समाज में हिस्सेदारी के साथ शरीर में खुशी, रिलैक्स, परफेक्ट ग्रोथ बढ़ाता है। डीएम कपिल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा है कि इंडस्ट्री सुरक्षित रहें, सभी के सहयोग से माहौल ऐसा है कि फैक्ट्री बेहतर काम करें। पीएम का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास इस एकल कंप्यूटर लैब की बस उसे दर्शाती है। इस बस के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर आने वाले सालों में अगर एक भी बच्चा डीएम, एसपी या अधिकारी बना तो गर्व की बात होगी।

सीडीओ विधान जायसवाल ने कहा कि ऐसे वंचित बालक बालिकाएं जिन्हें कम्प्यूटर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है, उनके लिए यह वरदान होगी। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी नहीं है तो कंपटीशन के दौर में बच्चा पिछड़ जाएगा बच्चा। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है, जिन बच्चों को घर में अच्छा माहौल नहीं मिलता है, अगर उन्हें घर के बाहर बेहतर माहौल मिलता है तो वो अपराध की ओर नहीं बढता है। आप सभी अपनी क्षमता से बच्चों की बेहतरी के लिए पूरा प्रयास करें, आपके प्रयास से उसकी दिशा बदल सकती है। इस दौरान समूह के निदेशक कुंदनलाल भाटिया, सुरेन्द्र गुप्ता, डा ए एस प्रसाद, ध्रुव रुइया, अनुराधा वार्ष्णेय, कपिल भाटिया, हरदीप सिंह राखरा, पियूष जैन मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बंटवारे के विवाद को लेकर पिता को पीटा

**हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के मवईजार गांव निवासी तुलाराम पुत्र कल्लू वर्मा की जमीन के बंटवारे को लेकर दो पुत्रों जयकरन, शिवचरण ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों पुत्रों ने गला को दबाते हुए थप्पड़ घूंसों से मारपीट करने से शरीर में चोट आई है। उसने दोनों पुत्रों के खिलाफ मारपीट किए जाने की थाना में तहरीर दी है। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि जांच कर दोनों पुत्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्र के खिलाफ थाने में मारपीट की तहरीर

**हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के भरखरी गांव निवासी बट्टूलाल पुत्र मोतीलाल यादव ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव में हो रहे रामलीला को देखने के लिए उसका पुत्र गया था। रात को मोबाइल फोन गायब हो गया। सुबह पुत्र मान सिंह अपने घर के दरवाजा में आकर पिता के साथ अभद्रता करने लगा। मना किए जाने पर थप्पड़ घूंसा डंडा से मारपीट के करने से शरीर में चोटें आई है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि जांच कर पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### साहित्यकार के निधन पर जताया शोक

**हमीरपुर।** वर्णिता संस्था ने प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि एवं शिक्षक मुन्नीलाल अवस्थी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने कहा कि वह सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणी रहे। जिला पीस कमेटी के सदस्य होने के साथ बहुभाषाविद थे। महामंत्री अवधेश कुमार गुप्ता ने उन्हें संवेदनशील व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि समाज के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है। उपाध्यक्ष अशोक अवस्थी ने कहा कि वे हरदिल अजीज थे। उनकी सहजता हमेशा याद की जाएगी।

### गन्ना जूस पीते जीभ में मधुमक्खी ने डसा

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बहरेला निवासी जयनारायण (52) पुत्र जगदेव मंगलवार दोपहर बाजार करने कस्बे आए थे। तहसील रोड स्थित एक गन्ना जूस की दुकान पर जूस पीते समय अचानक मधुमक्खी ने उनकी जीभ पर डंक मार दिया। डंक लगते ही जयनारायण की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें तेज दर्द व सूजन की शिकायत होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। चिकित्सक डॉ. शानिब खान के अनुसार, मधुमक्खी के डंक से जीभ में सूजन आने पर सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। एहतियातन मरीज को निगरानी में रखा गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने दे दी जान

**हमीरपुर।** कस्बे के टेंडरी मोहाल निवासी भगवानदीन उर्फ दुर्गा अहिरवार (90) ने मंगलवार सुबह सीढ़ियों के सहारे मफलर बांध कर आत्महत्या कर ली। उसके दो लड़के शिवपाल व वेद प्रकाश है। उन्होंने बताया कि पिता बीमारी से परेशान थे। चलने फिरने में भी असमर्थ थे। इसी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर पहुचे सब इंस्पेक्टर किशन सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। मामले की जांच होगी।

### किशोर ने घर में फंदा लगा की आत्महत्या

**हमीरपुर।** क्षेत्र के विदोखर मेदनी निवासी मंगल प्रजापति पत्नी के साथ गुजरात के सूरत में रहकर मजदूरी करता है। इसके दो पुत्र राजकुमार एवं सुमित प्रजापति गांव में रहते हैं। सुमित (16) ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। सोमवार को बड़ा भाई राजकुमार रिश्तेदारी में बाहर गया था। मंगलवार को सुबह उसने कई बार सुमित को फोन किया परंतु रिसीव नहीं हुआ। शक होने पर उसने अन्य परिजनों को फोन किया पड़ोस में रहने वाले ताऊ प्रेमशंकर प्रजापति ने छत से जाकर देखा तो यह फांसी पर झूल रहा था। उसने घटना से भाई राजकुमार के साथ प्रधान लालाराम यादव को अवगत कराया। घटना से गुजरात के सूरत में रह रहे माता-पिता को अवगत कराया गया। घटना की सूचना पाकर भाई रिश्तेदारी से लौट रहा है। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। छात्र ने फांसी क्यों लगाई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है मौके पर पुलिस बल भेजा गया है।

# कत्था फैक्ट्री में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मौत, मुआवजे को हंगामा

## परिजनों ने शव को फैक्ट्री के गेट पर रख कर किया प्रदर्शन, चार घंटे तक चला हंगामा

संवाददाता, चौबेपुर



प्रदर्शन करते ग्रामीण व परिजन। अमृत विचार

- सिक्योरिटी एजेंसी की ओर से 50 हजार व फैक्ट्री प्रबंधन की तरफ से एक लाख का मिला आश्वासन

**अमृत विचार।** क्षेत्र स्थित एक कत्था फैक्ट्री में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की अचानक बिगड़ी हालत के बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में मंगलवार को मृतक के परिजनों ने शव को फैक्ट्री गेट पर रख मुवावजे की मांग की। लगभग 4 घंटे तक चले हंगामे के उपरांत फैक्ट्री प्रबंधन व मृतक के परिवार के बीच हुए समझौते के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



संदीप बाजपेई।

क्षेत्र के भगवंतपुर गांव निवासी संदीप बाजपेई (50) पुत्र स्व ज्वाला प्रसाद के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां है उनमें से एक की शादी हो चुकी है। संदीप क्षेत्र के देदूपुर गांव स्थित कत्था फैक्ट्री में एक एजेंसी के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया है कि रविवार को देर रात ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। इस पर साथी गार्ड ने मामले की सूचना संदीप के रिश्तेदारों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए उसे शहर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। वहां सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

घटना में मृतक के बड़े भाई गुड्डू ने बताया कि 24 घंटे लगातार ड्यूटी के बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उसे छुट्टी नहीं दी गई। जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई। मंगलवार को अंत्येष्टि के लिए घर से निकले लोगों ने शव को फैक्ट्री गेट पर रखकर मुआवजे की मांग की। लगभग चार घंटे तक चले शोर शराबे के उपरांत सिक्योरिटी एजेंसी की ओर से 50 हजार व फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से 1 लाख रुपये दिए जाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतक के पारिवारिकजनों व फैक्ट्री प्रबंधन तंत्र के बीच समझौता हो गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बैटरी की दुकान में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर खाक

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार ।** उत्तरीपुरा कस्बा स्थित जीटी रोड पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक दुकान और रिहाइशी मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड में दुकानदार और मकान मालिक को भारी नुकसान होने का अनुमान है।

उत्तरीपुरा चौकी क्षेत्र के जीटी रोड पर स्थित 'भारत बैटरी सर्विस' नामक दुकान में अचानक आग धधक उठी। दुकान मालिक मोहम्मद अंसार ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला। उन्होंने किसी तरह दुकान से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। अंसार के मुताबिक, दुकान में रखी नई बैटरियां, ऑयल और भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गए, जिससे उन्हें लगभग 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



धू-धूकर जलती आग। अमृत विचार

- उत्तरीपुरा चौकी क्षेत्र के जीटी रोड पर स्थित दुकान का मामला
- आग ने दुकान के साथ एक मकान को भी चपेट में लिया

वहीं आग की लपटों ने पास स्थित मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। मकान मालिक अवधेश कुमार ने बताया कि घर के अंदर रखे कीमती उपकरण और घरेलू सामान जलने से करीब 12 से 15 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद जब तक फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, तब तक दुकान और घर में रखा अधिकांश कीमती सामान जल चुका था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला।

# गंगा पुल से कूदे व्यक्ति को गोताखोरों ने बचाया

संवाददाता, शिवराजपुर

- पुलिस ने सुरक्षित परिजनों को किया सुपुर्द
- पुलिस ने गोताखोरों को किया सम्मानित

**अमृत विचार।** आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने गंगा नदी पुल से कूद कर आत्महत्या का प्रयास किया। इस दौरान वहां मौजूद गोताखोरों ने युवक को कूदते हुए देखा तो तत्काल गंगा में छलांग लगा दी और उसे बाहर निकाल कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गोताखोरों के इस साहसी काम के लिए थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने गोताखोरों को सम्मानित किया।

थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति गंगा पुल से नदी में कूद गया है। सूचना पर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल में पता चला कि घनश्याम शर्मा पुत्र रामचंद्र शर्मा 35 वर्ष ने आर्थिक समस्याओं से परेशान होकर नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था।

मौके पर उपस्थित गोताखोर नरेश पुत्र सरजू प्रसाद, अवधेश पुत्र गंगाराम तथा रवि पुत्र रंजनलाल द्वारा साहस का परिचय देते हुए नदी में कूदकर उक्त व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

नदी में कूदा युवक सुरक्षित एवं स्वस्थ पाया गया। उनके परिजनों को बुलाकर समझा-बुझाकर उन्हें सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। साथ ही इस साहसी कार्य करने के लिए गोताखोरों को पुरस्कृत किया गया।

# टोलकर्मियों के साथ मारपीट के मामले में दो को भेजा जेल

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** बीती 27 मार्च को टोल आवास पर टोलकर्मी एवं उसके सहकर्मी के साथ मारपीट के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर 8 अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में थाना पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

टोल कर्मचारी राहुल सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि जब टोल आवास पर वह अपने सहकर्मी के साथ सो रहे थे तभी सुबह 7 बजे अचानक से आठ लोग आए व मेरे साथ मारपीट करने लगे। सहकर्मी द्वारा बीच बचाव करने पर उसके सिर में राड एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसके गंभीर चोटे आई थी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

इसके बाद थाना पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश कर रही थी ।

सोमवार को थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रभात मिश्रा एवं हरिओम मिश्रा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि दो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। जल्द ही अन्य छह आरोपियों को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा ।

# अधिशाषी अधिकारी को वार्डों में मिलीं कई खामियां

संवाददाता, बिल्हौर

- एक कर्मचारी का वेतन रोका और दूसरे को दिया गया नोटिस
- कर्मचारियों से समय पर पहुंचने को कहा गया

**अमृत विचार।** बिल्हौर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने पालिका के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड संख्या 3, 6 और 7 में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही और अनुपस्थिति मिलने पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिशाषी अधिकारी ने तत्काल दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा को निरीक्षण के दौरान पिंक शौचालय पर तैनात सफाईकर्मी लक्ष्मी और पंप नंबर 2 पर तैनात कर्मचारी विष्णुप्रकाश ड्यूटी से नदारद मिले। उन्होंने अनुपस्थित पाई गई सफाईकर्मी लक्ष्मी का आज का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। साथ ही पंप कर्मचारी विष्णुप्रकाश की लापरवाही को देखते हुए उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है। अधिशाषी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नगर की सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहने और सफाई मानकों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी है।

### आग से 2 बीघा गेहूं की फसल जली

**चौबेपुर ।** क्षेत्र के मकानपुरवा गांव में मंगलवार दोपहर पकी खड़ी फसल में जलती बीड़ी फेंक दिए जाने से करीब दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

मकानपुरवा गांव निवासी अजय वर्मा व हरिशंकर के खेत में मंगलवार दोपहर पकी खड़ी गेहूं की फसल में आग भड़कती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तेजी से बढ़ रही आग देख मामले की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। बताया गया है कि सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब दो बीघा फसल राख हो गई। ग्रामीणों ने किसी राहगीर द्वारा खेत में जलती बीड़ी फेंके जाने से आग लगने की आशंका जताई है। घटना की जानकारी पर राजस्व कर्मी मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान आकलन किया।

# बाबा 11 ने जीता जीपीएल सीजन वन का खिताब

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** स्वर्गीय सूर्यभान सिंह स्वर्गीय बृजभान सिंह की स्मृति में आयोजित जीपीएल सीजन वन का फाइनल सोमवार को खेला गया। मैच का आनंद लेने के लिये सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

मैच में बाबा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बालिंग करने का फैसला लिया। त्रिवेदी गारमेंट्स इलेवन ने पहले खेलते हुए 14 ओवर में सभी विकेट खोकर 120 रन बनाये। उनकी तरफ से रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। वहीं बाबा इलेवन की तरफ से आदित्य ने 4 रोहित ने 3 विकेट लिए। बाद में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबा इलेवन ने 16 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। राकेश यादव ने सर्वाधिक 48 रन बनाए । बाबा इलेवन को विनर ट्रॉफी एसीपी कृष्णकांत यादव द्वारा दी गई। मैन ऑफ द सीरीज ,मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बॉलर का अवार्ड रोहित को दिया गया । बेस्ट बैट्समैन जीतू तिवारी, गेम चेंजर ऑफ द मैच राकेश यादव को दिया गया। विनर टीम को 21 हजार रुपये और रनर अप को 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। गेम चेंजर संस्था की तरफ से भी खिलाडियों को अवॉर्ड दिया गया।

इस मौके पर लालजी सचान प्रबंधक जनता महाविद्यालय ,इंद्रपाल सिंह परमार ,चंद्रभान सिंह परिहार पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ, पिंटू सिंह परमार, शेरभान सिंह फौजी, राजेश यादव , धीरेन्द्र सिंह राजावत, रामजी जादौन, राम गोपाल पासवान ,वीरेंद्र सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे संचालन नृपेंद्र सचान द्वारा किया गया।

### जिला सहसंयोजक पर एक और रिपोर्ट

**हमीरपुर।** पूर्व सभासद के घर के बाहर पिस्टल लहराते हुए गालियां देने पर पुलिस ने बजरंग दल के जिला सहसंयोजक के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने पूर्व सभासद राजेश सहारा की तहरीर पर बजरंग दल के जिला सहसंयोजक नैतिक सोनी के खिलाफ पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। एक सप्ताह में बजरंग दल के जिला सह संयोजक के खिलाफ यह दूसरा मुकदमा है। इसके पूर्व अर्थ होटल में एके-47 गैंग के सरगना रामजी सिंह के साथ मिलकर जमकर कहर बरपाया था। एक सप्ताह के अंतराल में दूसरा मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी की मां ने पूर्व सभासद के खिलाफ छेड़खानी का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया की तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है ।

# थाने से केवल पांच सौ मीटर दूर बदमाशों ने दुकानदार को लूटा

संवाददाता, घाटमपुर

- दस हजार रुपये और मोबाइल ले गये लुटेरे
- पुलिस मामले की जांच में जुटी खंगाल रही कैमरे



छोटेलाल तिवारी।

**अमृत विचार।** कस्बे में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मंगलवार सुबह हमीरपुर रोड स्थित शर्मा पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक दुकानदार को निशाना बनाते हुए उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर पूर्वी निवासी छोटेलाल तिवारी सुबह अपनी परचून की दुकान के लिए साइकिल से बाजार सामान लेने जा रहे थे। उनके पास करीब दस हजार रुपये की नकदी और एक मोबाइल फोन था।

जैसे ही वह हमीरपुर रोड पर शर्मा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी अचानक पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उनकी साइकिल के आगे बाइक लगाकर रास्ता रोक लिया। बताया जा रहा है, कि दोनों बदमाश तुरंत बाइक से उतरे और छोटेलाल की जेब में हाथ डालकर नकदी व मोबाइल छीन लिया। जब पीड़ित ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने घाटमपुर थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

कानपुर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि घाटमपुर थाने के पास दुकानदार के साथ लूट होने की सूचना मिली है। उन्होंने घाटमपुर एपीसी कृष्णकांत यादव को जांच के लिए बोला है। जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।

राजनीति | दो दिवसीय प्रवास कर भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

# पार्टी हित में कार्य करने पर दिया गया जोर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को पतारा में रेलवे स्टेशन के निकट स्थित एक गेस्ट हाउस में भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत दो दिवसीय प्रवास कर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तमाम भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजद रहे।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में ब्लॉक क्षेत्र के पतारा, पड़रीलालपुर, संचितपुर, कूम्हेडिया, तिलसड़ा, रतनपुर, तेजपुर, बारा खबरियाखबरिया, केवणिया सहित कई गावों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। दो दिवसीय प्रवासी प्रशिक्षण शिविर में कानपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति जागरूक करने के साथ ही समर्पित भाव से पार्टी हित में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के जरिये निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, पतारा ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह, जिला महामंत्री वेदव्रत सचान, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह चंदेल, जिला महामंत्री समरजीत सिंह, सौरभ त्रिवेदी, संजीव भारती, अनिल कुमार दीक्षित, अनिल कुमार उर्फ रजोल तिवारी, उदयवीर सिंह भदौरिया, शशि, विशाल शुक्ला, ओम तिवारी, प्रबल प्रताप सिंह, सचिन शुक्ला, कुलदीप गुप्ता, सुनील शुक्ला, मयंक अवस्थी, अंशू तिवारी, मुकुल दीक्षित, दीपू कुशवाहा, अभिषेक अवस्थी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।



मंच पर मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### डंपर से कुचलकर किसान की मौत

**हमीरपुर।** सोमवार देर शाम पशु बाजार के समीप डंपर से कुचले किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक के अमारा गांव का निवासी कुलदीप सिंह राठौर (43) कस्बे के इमिलिया थोक में वार्ड संख्या 9 में परिवार सहित रहता था और खेती-किसानी से परिवार के भरण पोषण करता था। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे बाइक से बाजार जाते समय पशु बाजार के समीप तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया था और मौके से भाग निकला था। सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। पुलिस जांच कर रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट नंबर K5320277 में मेरा नाम त्रुटिवश Mubarak Ali लिख गया है, जो कि गलत है। मेरे आधार में मेरा नाम Mubaraq Ahamad है जो कि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **Mubaraq Ahamad S/O Mohamad Rafi, ग्राम मीरापुर, पोस्ट बीबियापुर, थाना कोठी, तहसील हैदरगढ़, जिला बाराबंकी।**

**सूचना**
मैंने और मेरी पत्नी श्रीमती रामादेवी ने अपने पुत्र सुदीप्त सचान व पुत्रवधू अनीसा सचान से उनके अव्यवहारिक व असामाजिक आचरण के चलते हर तरह के संबन्ध विच्छेदित कर लिए हैं। अब उनसे कोई वास्ता नहीं है। पुत्र व पुत्रवधू को चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **विनोद कुमार निवासी ग्राम मांचा, तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूल में त्रुटिवश उसका गलत नाम अबूजर दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम मोहम्मद अबूजर है जो कि उसके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के स्कूल में उसके गलत नाम अबूजर के स्थान पर उसका सही नाम मोहम्मद अबूजर दर्ज किया जाये। **नरूल हुदा पुत्र स्व0 गुलाम मुस्ताफा निवासी ग्राम मोहम्मदपुर चौकी पोस्ट सफेदाबाद थाना नगर कोतवाली तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम मो0 शाकिर उर्फ पप्पू था अब हमने अपना नाम बदलकर (शाकिर अली) रख लिया है अब हमे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-KHALEEL AHMAD ADD-O, KAHLA PO-MALIHABAD DIST-LUCKNOW-227111 (U.P)**

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# अवैध किडनी ट्रांसप्लांट में पांच डॉक्टर समेत छह गिरफ्तार

## टेलीग्राम ग्रुप के जरिये एमबीए छात्र को फंसाया, किडनी निकालकर सात लाख रुपये दिए और 60 लाख में दूसरे मरीज को बेची, कई अस्पताल शामिल

**गंदा धंधा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा करके कमिश्नरेट पुलिस ने पांच डॉक्टरों व एक दलाल को जेल भेजा है। पुलिस खुलासे में सामने आया कि शहर में किडनी प्रत्यारोपण का अवैध धंधा काफी समय से गुपचुप चल रहा था। 50 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। डोनर को 6-10 लाख रुपयों का लालच देकर फंसाया जाता और मरीजों को किडनी छह से सात गुना अधिक कीमत पर 60-70 लाख रुपये में बेची जाती। पुलिस ने कल्याणपुर के मेड लाइफ हॉस्पिटल, आहूजा हॉस्पिटल और प्रिया हॉस्पिटल में एक साथ छापा मारा तो डोनर व किडनी पाने वाले मरीज भर्ती मिले। ट्रांसप्लांट से संबंधित दस्तावेज भी अस्पताल नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने आहूजा हॉस्पिटल की संचालक डॉ. प्रीति आहूजा, उनके पति डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश, डॉ. नरेंद्र सिंह व दलाल शिवम अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कई अस्पतालों की जांच की जा रही है।



शिवम अग्रवाल।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने खुलासा करते हुए बताया कि सामने आया कि अवैध किडनी ट्रांसप्लांट का नेटवर्क लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और नेपाल तक फैला है। कल्याणपुर के आहूजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट का खेल चल रहा था। पूछताछ में किडनी डोनर आयुष ने बताया वह मूलरूप से बिहार के समस्तीपुर का है। लेकिन फिलहाल मेरठ में रह रहा है। आयुष सबसे पहले दलाल शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काड़ा के संपर्क में आया।

उसने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप के जरिये फंसाया था। शिवम ने उसे शहर बुलाया, फिर आवास विकास-तीन में एक अपार्टमेंट में ले जाकर उसकी डील कराई। जहां उसका सौदा हुआ।

पुलिस के अनुसार रविवार को आहूजा हॉस्पिटल में मुजफ्फरनगर की पारुल तोमर का किडनी प्रत्यारोपण हुआ। पता चला कि पारुल के परिजनों से 60 लाख लिए गए। जबकि ट्रांसप्लांट होने के बाद शिवम को सिर्फ सात लाख दिए गए। जिसमें से 3.50 लाख आयुष के खाते में डाले, 2.75 लाख आहूजा हॉस्पिटल को दिए, 25 हजार मेड लाइफ हॉस्पिटल को इलाज के लिए और 50 हजार उसने रख लिए थे।

पुलिस के अनुसार आयुष को 50 हजार कम मिलने से विवाद हो गया और रैकेट का खुलासा हुआ। आयुष ने फोन पर पुलिस को जानकारी दे दी, इसका पता चलते ही आहूजा हॉस्पिटल की संचालक ने उसे मेड लाइफ हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। जबकि पारुल को कल्याणपुर के ही प्रिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हालांकि पुलिस जांच करते दोनों तक पहुंच गई। डोनर आयुष की हालत बिगड़ने पर उसे हैलट में भर्ती कराया गया है।



जानकारी देते पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल, जेसीपी डॉ. विपिन ताडा।



पकड़े गए रैकेट में शामिल डॉक्टर। अमृत विचार

**50** से अधिक शहर में किए गए अवैध किडनी ट्रांसप्लांट

**06** से 10 लाख रुपये किडनी डोनर को दिए जाते थे

**80** लाख रुपये तक में बेची जाती थी किडनी



अस्पताल में भर्ती किडनी डोनर एमबीए छात्र आयुष।



प्रिया हॉस्पिटल भी रैकेट में शामिल। अमृत विचार



डॉ. प्रीति आहूजा व डॉ. सुरजीत।





आहूजा हॉस्पिटल पर की गई कार्रवाई।

- लखनऊ, दिल्ली समेत अन्य शहरों और विदेशों में भी फैला है रैकेट

### पूरा रैकेट टेलीग्राम ग्रुप से संचालित होता

- पुलिस कमिश्नर के अनुसार अवैध किडनी ट्रांसप्लांट सिंडिकेट एक टेलीग्राम ग्रुप से संचालित होता था। पारूल से फरार डॉ. अफजल ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने को कहा था। ग्रुप से जुड़ा होने के कारण शिवम ने देहरादून से एमबीए करने वाले आयुष को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए राजी किया। ट्रांसप्लांट होने के बाद शिवम को सात लाख दिए गए। आरोपियों के खिलाफ मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 वह बीएनएस की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई है।

### आठवीं पास है दलाल शिवम

- अवैध किडनी ट्रांसप्लांट गिरोह का एजेंट शिवम आठवीं तक पढ़ा है और एंबुलेंस चालक है। डोनर को झांसे में लेने के लिए वह एप्रेन और गले में स्टेथोस्कोप लटकाकर घूमता था। शिवम आरोपी डॉक्टरों के संपर्क में था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 30 साल की पारुल करीब आठ साल से डायलिसिस करा रही हैं।

### डॉयलिसिस सेंटर के संपर्क में रहकर मरीज करते तलाश

- किडनी मरीज की तलाश के लिए सिंडिकेट के लोग शहर में डायलिसिस सेंटर के संपर्क में रहते थे। जहां से शिकार तलाशते। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि उसके बाद टेलीग्राम ग्रुप से उसे जोड़ा जाता। बात करके सौदा तय होता। इस तरह अवैध किडनी प्रत्यारोपण का खेल चल रहा था। कमिश्नर ने बताया कि आहुजा हॉस्पिटल में एक साउथ अफ्रीकन महिला का भी किडनी ट्रांसप्लांट किया गया है, जो पूरी तरह से अवैध है। महिला से संपर्क की कोशिश की जा रही है। डॉ. रोहित अपने साथ सर्जन, एनेस्थीशियन व दवा समेत पैकेज लेकर चलता था। कई साल से रैकेट चल रहा था।

### किडनी ट्रांसप्लांट में पकड़े गए आरोपियों की भूमिका

- किडनी ट्रांसप्लांट में सबकी जिम्मेदारी अलग-अलग होती थी। नवीन नगर निवासी हैं डॉ. प्रीती व सुरजीत आहूजा। डॉ प्रीती एमडी मेडिसिन हैं व सुरजीत एमडी पैथौलॉजी। इनके आहूजा हॉस्पिटल में कई ऑपरेशन हुए। यहां ऑपरेशन के बाद मरीजों को शिफ्ट किया जाता था
- कल्याणपुर का डॉ. राजेश कुमार व डॉ. राम प्रकाश मेड लाइफ हॉस्पिटल में डोनर को भर्ती कराया था। दोनों पहले कल्याणपुर में एक आरोही हॉस्पिटल चलाते थे। शिकायत पर डीसीपी वेस्ट एमए आसिम काबिदी ने सीएमओ हरिदत्त नेमी से शिकायत की थी। इस पर हॉस्पिटल बंद कराया गया था। इसके बाद करीब 10 दिन पहले ही दोनों ने मेड लाइफ हॉस्पिटल शुरू किया था, जो रजिस्टर्ड नहीं है।
- कानपुर देहात के मूसानगर निवासी डॉ. नरेंद्र सिंह प्रिया हॉस्पिटल के संचालक हैं। जहां किडनी रिसीवर पारूल को भर्ती कराया गया था। नरेंद्र पहले नर्सिंग स्टॉफ का काम करता था, बाद में हॉस्पिटल खोला।
- कल्याणपुर के देवी सहायनगर निवासी है दलाल शिवम। पारूल जब डॉ. अफजल के संपर्क में आई तो शिवम ने डोनर की तलाश शुरू की। वह डॉ. प्रीति, सुरजीत और डॉ. रोहित के भी संपर्क में था। डॉ. रोहित लखनऊ व नोएडा से डॉक्टरों की टीम बुलाकर ऑपरेशन कराते थे।

### म्यूल अकाउंट में रकम हुई ट्रांसफर

- पुलिस कमिश्नर के अनुसार आयुष ने म्यूल अकाउंट खोला, जिसमें रकम ट्रांसफर की गई थी। आयुष को रुपयों की जरूरत थी, इसलिए किडनी देने को तैयार हुआ। दलाल शिवम ने पुलिस को बताया कि छह-सात अस्पताल में डॉ. रोहित की टीम ऑपरेशन करती थी। शहर में 40-50 ट्रांसप्लांट के मामले उसके सामने आए हैं। सारा खेल गुपचुप तरीके से चल रहा था। पुलिस ने अस्पताल से डीवीआर, मोबाइल कब्जे में लिया है। जिसके आधार पर टीम जांच में जुटी है। रैकेट में बाहरी डॉक्टर भी शामिल हैं। अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के पूरे गैंग का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### सात और अस्पताल पुलिस के रडार पर

- पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जांच में सामने आया है कि कानपुर में 50 से अधिक लोगों की किडनी ट्रांसप्लांट हुई। डॉ. रोहित शहर से बाहर भी ऑपरेशन करता है। दिल्ली के डॉक्टरों के संपर्क में है। किडनी ट्रांसप्लांट मामले में सात अस्पताल और निगरानी में हैं। प्रथम दृष्टया गिरोह का सरगना शिवम है। डॉ. अफजल के डिमांड पर शिवम डोनर तलाशता था। सौदा तय होने पर डॉ रोहित को बुलाया जाता। आहूजा हॉस्पिटल में 7-8 ऑपरेशन हुए हैं। ऑपरेशन रात के समय में होते। डोनर व रिसीवर को अलग-अलग हॉस्पिटल भेजे जाते। चार-पांच दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया जाता।

> पुलिस व स्वास्थ्य विभाग टीम की छापेमारी में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो मानव अंगों का अवैध तरीके से प्रत्यारोपण कराते थे। हॉस्पिटल आहूजा हॉस्पिटल संचालक दंपती को गिरफ्तार किया गया है। शिवम भी गिरफ्तार किया गया है। ट्रांसप्लांट करने वाला डॉक्टर उसकी टीम फरार है। डोनर और रिसीवर को अलग-अलग हॉस्पिटल भेजा जाता था। उनका संबंद्ध तलाश कर अस्पताल संचालक को गिरफ्तार किया गया है।
>
> -रघुबीर लाल, पुलिस कमिश्नर

## सिटी ब्रीफ

### जेड स्क्वायर पर मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** जेड स्क्वायर मॉल पर जलकल विभाग का करीब चार करोड़ रुपया बकाया है, जमा न करने पर सोमवार को जलकल ने मॉल की सीवर लाइन बंद कर दी थी, लेकिन मॉल संचालकों ने सीवर की लाइन बगल में स्थित निजी हॉस्पिटल की तरफ खोल दी, जानकारी पर जलकल जोन-1 के अधिशाषी अभियंता राजकुमार ने बताया कि मॉल संचालक कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### नंबर जरूर करें अपडेट

**कानपुर।** केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल की अपील है कि प्रीपेड उपभोक्ता रिचार्ज करते समय प्रीपेड निगेटिव बैलेंस की राशि और पोस्टपेड बकाया के भुगतान के साथ अपने मासिक औसत विद्युत बिल धनराशि को सम्मिलित करते हुए भुगतान करे, जिससे अगले माह स्मार्ट मीटर का बैलेंस निगेटिव न हो और विद्युत विच्छेदन जैसी अप्रिय कार्यवाही से बच सकें। स्मार्ट ऐप जरूर डाउनलोड करे।

### आज नहीं रहेगी बिजली



**कानपुर।** सैनिक चौराहा व बजरंग चौराहा में दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक, डबल पुलिया में सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक और नवशील धाम में दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी। वहीं, हर्ष नगर व अशोक नगर में दोपहर 12 बजे से शाम को चार बजे तक और गोपाल नगर, बर्रा-दो, तीन, पांच, छह, विद्युत कॉलोनी व यादव मार्केट में बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक गुल रहेगी।

# एक अस्पताल होगा सील, आहूजा-प्रिया को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी ने टीम के साथ की कार्यवाही
- बिना पंजीकृत अस्पताल में हो रहा था मरीजों का इलाज

**अमृत विचार।** किडनी कांड में पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल के निर्देश पर पुलिस के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केशवपुरम स्थित आहूजा हॉस्पिटल, आवास विकास-3 अंबेडकरपुरम स्थित मेड लाइफ हास्पिटल व कल्यानपुर आवास-विकास-1 स्थित प्रिया हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में जांच की। नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी ने टीम के साथ तीनों हॉस्पिटलों के पंजीकरण समेत आदि कागजातों की पड़ताल की। इन तीन में से मेड लाइफ हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था और इसका ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किया गया था। बिना पंजीकरण के इस अस्पताल में न सिर्फ सामान्य मरीजों, बल्कि गंभीर मरीजों को भी भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा था। जबकि स्वास्थ्य टीम को आहूजा व प्रिया हॉस्पिटल पंजीकृत मिले है।

सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि मेड लाइफ हॉस्पिटल बिना पंजीकरण संचालित किया जा रहा था, जिसके खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही स्वास्थ्य टीम द्वारा की जाएगी। साथ ही आहूजा व प्रिया हॉस्पिटल को नोटिस जारी कर उनसे मामले के संबंध में जवाब मांगा जाएगा। नोटिस का जवाब नहीं आने पर दोनों अस्पताल व अस्पताल संचालकों पर विभागीय स्तर से भी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

### मरीजों को किया जाएगा शिफ्ट

- निजी हॉस्पिटल व नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ .रमित रस्तोगी ने बताया कि किडनी मामले में जिन तीन अस्पतालों के नाम सामने आए हैं, वहां पर वर्तमान में कुछ मरीज भर्ती मिले हैं, जिनको उनकी बीमारी के अनुसार अन्य अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा।

### ट्रांसप्लांट की रात, हट जाता था पूरा स्टाफ

- पुलिस द्वारा किए गए खुलासे में एक अहम बात सामने आई है। जांच में पुलिस को पता चला है कि हॉस्पिटल में अधिकांश रात के समय ही किडनी ट्रांसप्लांट किया जाता था और रात के समय सिर्फ चुनिंदा स्टाफ को ही रोका जाता था। हॉस्पिटल में जब डॉक्टरों की टीम किडनी ट्रांसप्लांट कर लेती थी तो उसके बाद उसी रात को अस्पताल का पूरा स्टाफ हटा दिया जाता था। ताकि किडनी ट्रांसप्लांट की भनक किसी को लग न सके और भेद न खुले।

### आरोप सिद्ध होने पर आईएमए रद्द करेगा सदस्यता

- **कानपुर।** आहूजा हॉस्पिटल की संचालक डॉ .प्रीति आहूजा आईएमए कानपुर की उपाध्यक्ष हैं और इनके पति डॉ .सुरजीत सिंह आईएमए के सदस्य हैं। डॉ .प्रीति आहूजा के हॉस्पिटल में अवैध किडनी प्रत्यारोपण किए जाने का आरोप है और पुलिस ने दोनों डॉक्टरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले के संबंध मंगलवार शाम को परेड स्थित आईएमए सभागार में एक बैठक की गई। जिसमे आईएमए अध्यक्ष डॉ .अनुराग मेहरोत्रा, सचिव डॉ .शालिनी मोहन, पूर्व अध्यक्ष डॉ .नंदिनी रस्तोगी, पूर्व सचिव डॉ .विकास मिश्रा, वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह, साइंटिफिक सब कमेटी के चेयरपर्सन डॉ .एसी अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. देबज्योति देबरॉय व देवलाल चादानी समेत आदि डॉक्टरों के बीच चर्चा हुई। सोशल मीडिया व मीडिया में वायरल फोटो व वीडियो फुटेज भी देखे गए। अध्यक्ष डॉ .अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि जब तक आरोप सिद्ध नहीं होता और आईएमए के पदाधिकारी अपने सदस्य से बात नहीं कर लेते, तब तक उनकी सदस्या रद्द नहीं की जाएगी।

### आरोही सील होने पर खोल दिया मेडलाइफ

- अवैध रूप से संचालित किए जा रहे अस्पतालों के खिलाफ कल्यानपुर, चकेरी व आदि क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान का संचालन कर 100 से अधिक हॉस्पिटलों के खिलाफ कार्यवाही की, जिनमे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक आरोही अस्पताल के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर सील की कार्रवाई की थी। तब आरोही हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजेश और डॉ. राम प्रकाश कुशवाह ने साझेदारी में पांच दिन के बाद मेडलाइफ हास्पिटल खोल दिया था। इसके बाद तब वह अवैध रूप से मेड लाइफ हॉस्पिटल का संचालन चोरी-चुपके कर रहे थे।




YOGI ADITYANATH
Hon'ble Chief Minister, U.P.

UPSIDA
UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
PURSUING GROWTH WITH DEVELOPMENT
GOLDEN OPPORTUNITY



NAND GOPAL GUPTA 'NANDI'
Minister for Industrial Development, U.P.

TO GET RESIDENTIAL PLOTS IN TRANSGANGA CITY, UNNAO



It's time to grab your DREAM RESIDENTIAL PROPERTY
MEGA E-Auction

SPECIAL FEATURES
- Proposed Over Bridge -Trans Ganga City to VIP Road, Ranighat, Kanpur (Four Lane) (Aprx. 4 Km.)
- Approved Atal Ghat to Jajmau Ganga River front Project

Registration Starts from 23.03.2026
Last Date for Submission of Documents 16.04.2026
E-Auction on 21.04.2026 (10:00 AM to 1:00 PM)

Last Date for Submission of Processing Fee & EMD by bidder : 15.04.2026 | 6:00 PM

TRANSGANGA CITY SECTOR - 3, 4 & 8

| S.No. | Area of Plots | No. of Plots |
|---|---|---|
| 1. | 120 sq.m - 200 sq.m | 275 |
| 2. | 200 sq.m - 250 sq.m | 107 |
| 3. | 251 sq.m - 320 sq.m | 196 |

CONNECTIVITY
Road: Lucknow-Kanpur Highway (NH-25) ~ Aprx. 11 Km.; Lucknow-Agra Expressway ~ Aprx. 60-70 Km.
Rail: Kanpur Central Railway Station ~ Aprx. 10 Km.
Airport: Lucknow Airport (Amausi) ~ Aprx. 75 Km.; Kanpur Airport (Chakeri) ~ Aprx. 25 Km.

Note : For Registration, Other Details & Download of Brochure please visit Auction Portal https://upsida.project247.in/

For Information Regarding the Registration & E-Auction Process
Helpline No. Apurva Patel : 9106196864
(Monday to Friday 10:00 AM to 7:00 PM and 1st & 3rd Saturday 10:00 AM to 6:00 PM)
Contact on Email : eauction@upsida.co.in, apurva@procure247.com

UPSIDA
Uttar Pradesh State Industrial Development Authority
UPSIDA COMPLEX, A-1/4, LAKHANPUR, KANPUR-208024
@ UPSIDA @UPSIDAOfficial @UPSIDA_Official @UPSIDA_Official @upsidaofficial


# हज फ्लाइट का शिड्यूल आया, 22 को पहली उड़ान

कार्यालय संवाददा, कानपुर



**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग चल रही है और हज मई के महीने में होगा। हज पर जाने वालों के दिलों में तनिक भी खौफ नहीं है और लोगों ने 31 मार्च को आखिरी दिन पैकेज की आखिरी किस्त भी जमा कर दी है। हालांकि आखिरी तारीख 31 मार्च से बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी गई है। हज की फ्लाइट 22 अप्रैल से शुरू हो जाएगी जिसका शिड्यूल हज कमेटी ऑफ इंडिया ने मंगलवार को जारी कर दिया है।

उत्तर प्रदेश हज कमेटी की ओर से आजमीन इस बार 22 अप्रैल से मदीना एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरना शुरू करेंगे और अंतिम फ्लाइट 2 मई को जाएगी जबकि वापसी में जद्दा से 2 जून 2026 से हाजी वापस आएंगे। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध का आजमीन पर कोई असर नहीं है और 31 मार्च को अंतिम दिन आजमीन ने अपनी तीसरी और अंतिम किस्त भी जमा कर दी।

**31** मार्च को पैकेज की आखिरी किस्त जमा की

**06** अप्रैल कर दी गई अब आखिरी तारीख

### उमरा के लिए रवाना

- मंगलवार को भी उमरा के लिए एक टीम रवाना हुई और बाकी दिनों में भी अभी कई टीमें उमरा करने जाएंगी। हज के दौरान उमरा पर जाने वालों पर रोक रहती है लिहाजा अभी कुछ दिनों तक लोग उमरा करने के लिए जा सकते हैं।

### सऊदी एयरलाइंस के बजाय फ्लाईनास से जाएंगे आजमीन

- इस बार हज पर जाने वालों के लिए सऊदी एयरलाइंस नहीं बल्कि फ्लाई नास एयरलाइंस की सेवा मिलेगी। बताते चलें कि सऊदी एयरलाइंस के विमान में 330 आजमीन की क्षमता थी लेकिन फ्लाईनास एयरलाइंस की फ्लाइट में 427 यात्री एक बार में जाएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### उपभोक्ता व एजेंसी कर्मी के बीच गाली गलौज, हंगामा

**कानपुर।** गैस किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं व एजेंसी संचालकों के बीच तनाव बढ़ रहा है। मंगलवार जूही के परमपुरवा स्थित ओरियंट गैस एजेंसी में कर्मचारियों व उपभोक्ताओं के बीच जमकर कहासुनी हुई। उपभोक्ताओं ने कालाबाजारी का आरोप लगाया। गाली-गलौज के साथ हाथापाई का वीडियो वायरल हुआ। हालांकि वीडियो का अमृत विचार पुष्टि नहीं करता। गैस एजेंसी पर मंगलवार सुबह से उपभोक्ता लाइन लगाकर खड़े थे। एजेंसी का एक कर्मी उपभोक्ताओं को बुकिंग पर्ची बांट रहा था। इसी बीच वीडियो में एक उपभोक्ता एजेंसी कर्मी पर बुकिंग के बावजूद कई दिनों से टरकाने और कनेक्शन रद कराने की धमकी देने का आरोप लगाता है। इससे वह कर्मी भी नाराज होता है। जिससे गाली-गलौज शुरू हो जाता है।

### ओवरटेक करने पर मैजिक चालक को जमकर पीटा

**कानपुर।** गुजैनी हाईवे पर मैजिक चालक की पिटाई का मंगलवार वीडियो वायरल हुआ। घटना 24 मार्च की है। बर्रा आठ निवासी चालक शुभम गुप्ता ने बताया कि वह नौबस्ता से औरैया के बीच मैजिक चलाते हैं। घटना वाले दिन वह सवारियां लेकर नौबस्ता की तरफ जा रहे थे। तभी रास्ते में पेट्रोल पंप के पास आगे चल रहे पिकअप को उन्होंने ओवरटेक किया। उनके आगे निकलते ही पिकअप सवारों ने गाली-गलौज की। विरोध पर आरोपियों ने रोककर जमकर पीटा। राहगीरों की सूचना पर पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गई थी। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को बिना कार्रवाई छोड़ दिया, जबकि गुजैनी थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि गुजैनी गांव निवासी छोटू सिंह चौहान व तात्या टोपे नगर के प्रियांशु मिश्रा के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई थी।

### स्कूटी सवारों ने लूटा मोबाइल, फरार

**कानपुर।** किदवईनगर में जूही डिपो चौराहा के पास टहल रहे युवक को झपट्टा मारकर स्कूटी सवार दो लुटेरे मोबाइल छीन ले गए। बारादेवी लक्ष्मण पुरवा निवासी निसार का बेटा इरशाद जूही डिपो चौराहा पर छोले भटूरे की दुकान पर काम करता है। उसने बताया कि वह अक्सर खाना खाने के बाद सड़क किनारे टहलता है। जब वह टहल रहा था, तभी हनुमान मंदिर के पास बारादेवी चौराहा की तरफ से आए स्कूटी सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया और तेजी से भाग निकले। बताया कि घटना के समय पीछे बैठा लुटेरा सफेद टी-शर्ट पहने था। स्कूटी चला रहे युवक का उसे चेहरा नहीं दिखा।

नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में बजट किया गया पास, पार्षद कोटा भी बढ़ा

# नगर निगम 3359 करोड़ से संवारेगा शहर की सूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम 3359 करोड़ रुपये से शहर की सूरत बदलेगा। नगर की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। शहर में गंदगी न फैले इसको लेकर खास प्रबंध किए जाएंगे। मार्ग प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। बारिश से पहले नालों की सफाई कराई जाएगी। पेयजल लाइन बिछाई जाएगी।

नगर निगम में मंगलवार को कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमे महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त आर्पित उपाध्याय के साथ आदि अधिकारी रहे। बैठक में नगर निगम का 3359 करोड़ और जलकल का 418.64 करोड़ रुपये का मूल बजट स्वीकृत किया गया। पार्षद कोटा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 55 लाख किया गया। संपत्ति कर आवासीय व अनावासीय मद में 320 करोड़ में 50 करोड़ की वृद्धि की गई। शासन के निर्देश पर सदन द्वारा नामांतरण शुल्क को एक प्रतिशत से कम कर 25 करोड़ से अब 20 करोड़ किया गया। निस्प्रयोज्य भंडार की बिक्री में आय प्राप्त न होने पर तीन करोड़ से दो करोड़ कम करते हुए एक करोड़ का प्राविधान किया गया।

राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनुदान में 750 करोड़ में से 150 करोड़ की वृद्धि करते हुए 900 करोड़ प्रस्तावित किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त आयोग के स्थान पर 16वें वित्त आयोग मद में 500 करोड़ प्रस्तावित किया गया। अवस्थापना निधि व आवास विकास योजना से हस्तांतरित मद में पिछले वर्षों की बकाया अनुदान प्राप्त होने की संभावना में 55 करोड़ से 75 करोड़ की वृद्धि कर 130 करोड़ प्रस्तावित किया गया। वहीं, सीएसआर मद में 50 लाख में दो करोड़ की वृद्धि की गई और 2.50 करोड़ रुपया प्रस्तावित किया गया। कुछ अन्य मद में भी बढ़ोत्तरी की गई है। लेकिन स्वास्थ्य संबंधित मद, गौशाला के रखरखाव, भंडार मद, पार्कों के रखरखाव व खेलकूद मद में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई।



बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय, साथ में नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय व अन्य।

### 899 करोड़ खर्च नहीं कर पाए

- महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि नगर निगम का पिछले वित्तीय वर्ष में 2840 करोड़ रुपये का बजट था, जिसमें से 899 करोड़ रुपये का बजट खर्च नहीं हो पाया है। इसलिए नए वित्तीय वर्ष में 3359 करोड़ का बजट रखा है। जलकल जीएम आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सीवर, पेयजल और मेनहोल के मेंटीनेंस में 10 करोड़ से बजट बढ़ाकर 15 करोड़ किया गया है। वाटर लाइन और ट्यूबवेल मरम्मत में 4 .50 करोड़ से बढ़ाकर 5 .50 करोड़, नई सीवर व वाटर लाइन बिछाने के मद में अलग-अलग तीन करोड़ से बढ़ाकर बजट पांच करोड़ किया गया है। बताया कि डीजल खर्च 17 .10 करोड़ से बढ़ाकर 18 .70 करोड़ रुपये किया गया है। आवास विकास से 44 करोड़ रुपया आ गया है। वहीं, सीओडी नाले के लिए 56 करोड़ रुपया भी आ गया है।

### फ्लैटों में नहीं हो सकेगा कोई भी व्यापार

- पहली बार पार्षदों के प्रस्ताव पर अलग से निधि रखी गई है, जिसमे साढ़े छह करोड़ रुपये शामिल किए गए। पार्षद राजकिशोर यादव ने कहा कि शहर में हजारों अपार्टमेंटों में बने कई फ्लैटों में विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां की जा रही है, लेकिन वह नगर निगम को कर आवासीय का ही दे रहे हैं। कई अपार्टमेंट कर भवन के हिसाब से दे रहे हैं। जबकि कई फ्लैट बने हैं। इसका सर्वे कराके शिकंजा कसा जाए तो करोड़ों रुपये की आय नगर निगम को होगी। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि जोनवार ऐसे अपार्टमेंटों का सर्वे किया जाए। आवासीय की जगह व्यावसायिक प्रयोग होने पर कार्रवाई की जाए। इससे नगर निगम को करीब 10 करोड़ रुपये तक आय की संभावना है।

### अलगे सप्ताह होगी फिर बैठक

- पार्षदों ने कहा कि पार्किंग, विज्ञापन और यूजर चार्ज पर कार्रवाई होने से नगर निगम की आय बढ़ सकती है। कर चोरी करने वालों पर कार्रवाई का व्यवस्था की जाए। महापौर ने कहा कि अगले सप्ताह से जोनवार नगर निगम की संपत्तियों को लेकर अफसरों के साथ बैठक की जाएगी। प्रदर्शनी पर भी वार्ता होगी। एक-एक संपत्तियों का सर्वे कराया जाएगा। कब्जेदारों से संपत्तियों को खाली कराया जाएगा और उनका निस्तारण करके आय बढ़ाई जाएगी। कई सामुदायिक केंद्र व बरातशालाओं में कब्जे है या कुछ जर्जर हो चुकी है, जिनको चिह्नित कर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा चुन्नीगंज में बना कन्वेंशन सेंटर स्मार्ट सिटी से संचालित करेगा, लेकिन आय का 50 प्रतिशत नगर निगम को जमा करना होगा।

# 490 करोड़ रुपये का हिसाब मांग रही कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- कांग्रेस बोली - घोषणाएं बड़ी, प्रचार उससे भी बड़ा तो जवाबदेही शून्य क्यों?

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी योजना को लेकर कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान के बाद कानपुर महानगर कांग्रेस ने तिलक हाल में मंगलवार को बैठक कर शहर के लिए आवंटित 490 करोड़ रुपये का हिसाब मांगा।

महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक राजधानी कानपुर को तब तक 'स्मार्ट शहर' नहीं बनाया जा सकता, जब तक नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर की सड़कों पर गड्ढे, हर मोड़ पर कूड़े के ढेर, जलभराव, ट्रैफिक जाम और आवारा जानवरों की समस्या आम हो चुकी है। जाम में फंसकर कई नागरिकों की जान तक जा चुकी है। पनकी में कूड़े का पहाड़ बढ़ता जा रहा है। ऊपर से उसमें आग लगा दी जाती है ताकि लापरवाही छिपाई जा सके।

पवन गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार का स्मार्ट सिटी मिशन केवल कागजों तक सीमित रह गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देशभर में करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाएं पूरी होने का दावा किया जा रहा है, तो कानपुर में जमीनी बदलाव क्यों नजर नहीं आ रहा।

उन्होंने पूछा कि कानपुर के लिए आवंटित 490 करोड़ रुपये आखिर कहां खर्च हुए और शहर को इसका क्या लाभ मिला। क्या स्मार्ट सिटी बन गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि टूटी सड़कें, खुले सीवर और दूषित पानी जैसी समस्याएं योजना की विफलता को उजागर कर रही हैं। बैठक में हरप्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खान, इकबाल अहमद, राजू साहू, रितेश यादव, अजय तिवारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदूषण कंट्रोल आफिस के पास जला कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंबेडकर पुरम में कूड़े का अंबार धुएं व दुर्गंध से लोग बेहाल
- कूड़ा जलने से हो रही सांस और आंखों में जलन व घुटन

**अमृत विचार।** आवास विकास क्षेत्र में इन दिनों कूड़े का अंबार स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। सड़क किनारे लंबे समय से जमा कूड़े से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। राहगीरों को नाक ढककर गुजरना पड़ रहा है, वहीं आसपास रहने वाले लोग भी गंदगी और बदबू से खासे परेशान हैं। हैरानी की बात यह है कि जहां कूड़ा जलाया जा रहा है, वहां से कुछ ही दूरी पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कार्यालय है। इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। इससे जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आवास विकास-तीन स्थित अंबेडकर पुरम इलाके में कई दिनों से नियमित सफाई नहीं होने के कारण कूड़े के ढेर लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात तब और गंभीर हो जाते हैं, जब कुछ असामाजिक तत्व इन कूड़े के ढेरों में आग लगा देते हैं। कूड़ा जलने से उठने वाला धुआं फैल रहा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो गया है।



सड़क किनारे पड़ा कूड़ा जलता हुआ। अमृत विचार

### भूतेश्वर मंदिर के पास गंदगी से लोग परेशान

- केशवपुरम स्थित भूतेश्वर मंदिर के पास लगा कूड़े का ढेर स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। मंदिर परिसर के आसपास फैली गंदगी के कारण श्रद्धालुओं और आसपास रहने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कूड़े से उठती दुर्गंध के चलते यहां रहना तक मुश्किल हो गया है। राहुल शर्मा बताते है कि सफाई कर्मी समय पर नहीं पहुंचते, जिससे कूड़ा कई-कई दिनों तक उसी तरह पड़ा रहता है। इसके चलते स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

### चोरी में प्रापर्टी डीलर से पूछताछ

**कानपुर।** गुजैनी पुलिस ने मार्केटिंग मैनेजर के बंद घर से 15 लाख रुपये की चोरी मामले में प्रापर्टी डीलर को थाने बुलाकर पूछताछ की। हुआ यह कि प्रापर्टी डीलर के कार्यालय में बंटवारे की बात सामने आई थी। बर्रा-आठ में मार्केटिंग मैनेजर सतीश पांडेय के बंद घर में चार फरवरी को चोरी की जानकारी हुई थी। चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर 5.25 लाख रुपये समेत करीब 15 लाख का माल ले गए थे। गुजैनी पुलिस ने चार आरोपी बर्रा गांव का प्रकाश गौतम उर्फ पोली, ईशू गौतम उर्फ रोनी उर्फ आदर्श, रविदासपुरम का सोनू उर्फ अभिषेक और गुजैनी आई ब्लाक का अजय राजपूत को जेल भेजा था। जेल जाने से पहले आरोपियों ने चोरी के माल प्रापर्टी डीलर पतरसा निवासी आशीष कश्यप के कार्यालय में करने की बात कबूली थी। गुजैनी थाना प्रभारी ने बताया कि आशीष की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# डाउनलाइन टनल में ट्रैक निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो ने मंगलवार को कानपुर सेंट्रल – नौबस्ता के अंतर्गत करीब तीन किलोमीटर लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन कानपुर सेंट्रल से स्वदेशी कॉटन मिल रैम्प तक डाउनलाइन टनल में ट्रैक निर्माण का कार्य मंगलवार को पूरा कर लिया है। इसके साथ ही अब कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक दोनों अप-लाइन और डाउनलाइन ट्रैक पूरी तरह बनकर तैयार हैं। अब इस रूट पर जल्द ही मेट्रो ट्रेन के टेस्ट रन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर सेंट्रल से स्वदेशी कॉटन मिल रैम्प के बीच डाउनलाइन टनल में ट्रैक निर्माण पूरा होने से अब कॉरिडोर-1 का ट्रैक पूरी तरह बन गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। नौबस्ता तक अप-लाइन पर नियमित टेस्ट रन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, अब जल्द ही डाउनलाइन पर भी यह प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैलेंस सेक्शन पर सिग्नलिंग, टेलिकॉम और इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स के इंस्टॉलेशन के कार्य अंतिम चरण में हैं। बताया कि ट्रैक निर्माण की प्रक्रिया से पहले स्वदेशी कॉटन मिल के पास स्थित रैम्प से रेल पटरियों व फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट को टनल में उतारकर वेल्डिंग की शुरुआत की गई। इसके बाद ट्रैक स्लैब की ढलाई का कार्य पूरा किया गया। ट्रैक निर्माण के समानांतर ही टनल में थर्ड रेल इंस्टॉल करने की प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। थर्ड रेल, सिग्नलिंग सिस्टम आदि के इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा होते ही जल्द ही कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक डाउनलाइन पर मेट्रो ट्रेन की टेस्ट रन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



डाउनलाइन टनल में ट्रैक बनने के बाद फिनिशिंग करते कर्मी। अमृत विचार

- डाउनलाइन टनल में ट्रैक बनने से मेट्रो की टेस्ट रन की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

# खड़ी जेसीबी से भिड़ गई तेज रफ्तार बाइक, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा में देर रात तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से भिड़ गई। बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को हैलट में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों युवक को मृत घोषित कर दिया। सेन पश्चिम पारा के यशोदानगर निवासी मनोज पांडेय का 24 वर्षीय बेटा अंकुर फ्लिपकार्ट कंपनी में नौकरी करता था। परिवार में पत्नी शिखा व छोटा बेटा कुनाल है। परिजनों ने बताया कि देर रात अंकुर बाइक से घर लौट रहा था। वह म्यूजिकल फाउंटेन के पास पहुंचा था, तभी साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से जा भिड़ी। सिर पर गंभीर चोट आने से वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। हैलट में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



अंकुर पांडेय।

- बाबूपुरवा में म्यूजिकल फाउंटेन के पास देर रात हुआ हादसा

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कानपुर।** पनकी में रेलवे लाइन पार करते समय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मूलरूप से औरैया के सहायल अंडा आधार निवासी 44 वर्षीय संतोष कुमार दिल्ली में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी सुमन, दो बच्चे अक्षय व श्रद्धा हैं। परिजनों ने बताया कि संतोष के साले के बेटे का मुंडन संस्कार था। वह परिवार समेत आया था। सोमवार शाम को उसे वापस जाना था। ट्रेन पकड़ने के लिए परिजनों संग मैथा स्टेशन पहुंचा।

# छात्रा से गैंगरेप के प्रयास में तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के क्लास रूम में छात्रा के साथ गैंगरेप के प्रयास मामले में पुलिस ने आरोपी तीन छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय की छात्रा ने सहपाठी समेत विश्वविद्यालय के तीन छात्रों पर गैंग रेप का प्रयास करने का आरोप लगाया है। छात्रा के मुताबिक 16 मार्च को आरोपी सहपाठी ने लंच के लिए उसे एक रूम में बुलाया, जहां पहले से उसके दो अन्य साथी मौजूद थे। आरोप है कि तीनों युवकों ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ करते हुए गैंग रेप करने का प्रयास किया। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी उसे धमकी देकर वहां से भाग निकले। घटना से आहत मानसिक तनाव में चल रही छात्रा ने रविवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

- विवि की आंतरिक शिकायत समिति भी कर रही जांच



### आरोपी तीन छात्र निलंबित

- **कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में छात्रा से गैंगरेप की कोशिश मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन छात्रों को निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आंतरिक शिकायत समिति को जांच सौंप दी है। यह जांच समिति डॉ. अंशु यादव की अध्यक्षता में कार्य करेगी। सूत्रों के अनुसार, पीड़ित छात्रा ने अपने बयान में कहा है कि आरोपित छात्रों ने उसके साथ मारपीट, धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार किया। वहीं इस प्रकरण का संज्ञान राजभवन ने भी लिया है, जिसके बाद कुलपति ने विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है। बुधवार को पुलिस के सामने तीनों निलंबित छात्रों से पूछताछ की जाएगी।

सुविधा — सीयूजी 9454402413 पर कॉल, मैसेज या लाइव लोकेशन दें चालक

# जाम में नहीं फंसेगी एंबुलेंस, ग्रीन कॉरीडोर व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर का जाम कब मरीज की जान ले ले, कोई नहीं जानता, हैलट के सामने और शास्त्री चौक, दादानगर समेत कई स्थानों पर जाम में एंबुलेंस के फंसने के कारण मरीजों की जान जा चुकी है। लेकिन अब पुलिस कमिश्नरेट ने आपातकालीन मरीजों के लिए ग्रीन कॉरीडोर व्यवस्था शुरू की है जिससे एंबुलेंस जाम में नहीं फंसेंगीं और मरीजों की जान की सुरक्षा हो सकेगी।

मंगलवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आपातकालीन (लाइक ब्रेटनिंग) परिस्थितियों में मरीजों को शीघ्र सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा ने की। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह, डॉ. अनुराग (आईएमए) डॉ. आरके गुप्ता, (एसीएमओ), प्रमुख अस्पताल के संचालक, एंबुलेंस संचालकों ने शिरकत की। बैठक में जानकारी दी गई कि ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था के तहत आईसीसीसी कंट्रोल रूम में चौबीस घंटे विशेष सेल सक्रिय किया गया है। ये सेल एंबुलेंस की रियल टाइम मॉनिटरिंग व ट्रैफिक समन्वय करेगा।



यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने की बैठक। अमृत विचार

- आईसीसीसी कंट्रोल रूम में चौबीस घंटे सक्रिय विशेष सेल स्थापित किया गया

### ऐसे काम करेगा ग्रीन कॉरीडोर, संपर्क करें

- एम्बुलेंस चालक हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 9454402413 पर कॉल, मैसेज या लाइव लोकेशन साझा करें।
- सूचना मिलते ही संबंधित मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट कर एम्बुलेंस के लिए रास्ता दिलाया जाएगा।
- संभावित जाम वाले स्थानों पर पूर्व में ही पुलिस बल तैनात कर मार्ग क्लियर कराया जाएगा।
- अस्पतालों, एम्बुलेंस संचालकों, आईएमए व सीएमओ के तालमेल से मैप तैयार किया जाएगा।

### वाहन-मरीज से संबंधित जानकारी दें

- एंबुलेंस चालक द्वारा कंट्रोल रुम को वाहन एवं मरीज से संबंधित आवश्यक विवरण कंट्रोल रुम को देना होगा जैसे वाहन संख्या, वर्तमान लोकेशन (लाइव लोकेशन शेयरिंग) गंतव्य अस्पताल, प्रस्तावित मार्ग, मरीज की स्थिति, चालक का नाम उपलब्ध कराना होगा ताकि समन्वय अधिक प्रभावी ढंग से स्थापित हो सके।

### विस्तृत रूट मैप तैयार किया जा रहा

- बैठक के दौरान हॉस्पिटल एवं एंबुलेंस संचालकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर शहर के व्यस्तम चौराहों एवं प्रमुख अस्पतालों को चिह्नित करतके हुए एक विस्तृत रूट मैप तैयार किया जा रहा है जिससे आपातकालीन यातायात प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाया जा सके।

# ई रिक्शा और ऑटो क्यूआर के लिए 7 अप्रैल तक पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 7 अप्रैल 2026 के बाद बिना क्यू आर कोड स्टीकर / रजिस्ट्रेशन /वेरिफिकेशन के पाए जाने वाले ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हो सकती है। लिहाजा 7 अप्रैल 2026 तक हर हाल में ई रिक्शा व ऑटो संचालक अपना पंजीयन करा लें।

डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार के मुताबिक शहरी क्षेत्र में ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो के सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नियंत्रित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा कलर क्यूआर कोड स्टीकर रजिस्ट्रेशन एवं वितरण कार्य किया जा रहा है। पहले इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर 7 अप्रैल कर दिया गया है। ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो चालक स्वामियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस अभियान की शुरुआत 25 फरवरी से की जा चुकी है। शहर के 37 थानों एवं एसीपी यातायात कार्यालय परिसर में विशेष काउंटर स्थापित किए गए हैं। जहां पर कलर क्यू आर कोड स्टीकर का रजिस्ट्रेशन एवं वितरण कार्य किया जा रहा है।

- ई रिक्शों के पंजीयन की तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 7 अप्रैल की गई



### ई रिक्शा व ऑटो वाले कागजात लाएं

नगर के ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो स्वामियों एवं चालक निर्धारित अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2026 से पूर्व अपने आवश्यक दस्तावेजों वाहन आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ शहर के निकटतम थाना या एसीपी यातायात कार्यालय परिसर में स्थापित काउंटर पर जाकर कलर क्यू आर कोड स्टीकर प्राप्त करना सुनिश्चित करें। एसीपी यातायात का कहना है कि जिन ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो का रजिस्ट्रेशन/वेरिफिकेशन हो चुका है, वे केवल अपने निर्धारित रूट पर ही संचालित हों। जिनके दस्तावेज पूर्ण हैं, वे निर्धारित तिथि के अंदर अपना रजिस्ट्रेशन/वेरिफिकेशन अवश्य करा लें।

## सिटी ब्रीफ

### अस्पताल में प्रसूता की मौत

कानपुर। पनकी स्थित अस्पताल में बेटी को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ी और मौत हो गई। परिजनों के आरोप पर पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम भेजा। मूलरूप से उन्नाव के माखी निवासी अवधेश कश्यप परिवार के साथ पनकी के गंभीरपुर ससुराल में रहते हैं। परिवार में 30 वर्षीय पत्नी गौरी व एक बेटा अनिकेत दो बेटियां लक्ष्मी व सोनम पहले से हैं। अवधेश के अनुसार अस्पताल में पत्नी के इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी जान गई है। सूचना पर पुलिस ने जांच की। पनकी पुलिस के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध निर्माणाधीन इमारत सील

कानपुर। केडीए टीम को सिंहपुर बाजार के पीछे व प्लांट नंबर 183 के सामने जितेंद्र सिंह व अन्य लगभग 250 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में जी-4 तलों पर निर्माण करते मिले। डॉ.रवि प्रताप सिंह के मुताबिक बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये व बिना अनुज्ञा के निर्माण किया जा रहा था, इसलिएपरिसरों को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। इस दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर राम औतार, मनोज कुमार, राज कुमार, लाल सिंह व पुलिस कर्मी रहे।

### नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

कानपुर। चकेरी में रामादेवी चौराहे के पास स्थित एक अस्पताल में नवजात की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित घरवालों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टर को वीडियो कॉल कर नवजात का इलाज कराया। जिस कारण उसकी मौत हुई। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। कैंट के मैकूपुरवा निवासी आशीष निषाद गोल्फ क्लब में काम करते है। आशीष ने बताया कि 28 मार्च को उनकी पत्नी मुस्कान ने एक बेटी को जन्म दिया था। सोमवार को बेटी को बुखार आने पर शाम को रामादेवी स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। नवजात को भर्ती करते ही 20 हजार रुपये जमा कराए गए। पहले रेफर करने की बात कहीं, लेकिन किया नहीं। इंजेक्शन व दवाई के नाम पर पैसे मांगते रहे। रात में अचानक नवजात की मौत की जानकारी दी। आरोप है कि किसी डॉक्टर को वीडियो कॉल कर अस्पताल प्रबंधन ने नवजात का इलाज कराया। अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि परिजनों को शांत कराकर तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### तस्करी मामले में हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

कानपुर। क्राइम ब्रांच व चकेरी पुलिस ने मंगलवार मादक पदार्थ की तस्करी मामले में हिस्ट्रीशीटर को लाल बंगला से गिरफ्तार किया। शातिर के पास से करीब पांच लाख की चरस व अमेरिकन गांजा बरामद बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी का करीब ढाई किमी तक जुलूस निकाला। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह व एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने वार्ता में बताया कि आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी करता है। मंगलवार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। इस पर आरोपी कालीबाड़ी निवासी अंकित सिंह चौहान उर्फ अंकित तुत्तल को घेरकर धर दबोचा। आरोपी के पास से 101.7 ग्राम टीएचसी, टेट्रा हाइड्रोकैनाबिनोल/ड्रोनाबीनोल गांजा व एक किलो चरस बरामद की गई। अंकित के खिलाफ चकेरी, बर्रा, पनकी थाने में 17 मुकदमे दर्ज हैं। बमबाजी, फायरिंग के मामले में जेल गया था। पुलिस ने आरोपी का लाल बंगला चौकी से काज़ीखेड़ा, लाल बंगला फूलवाली गली, केडीए चौराहा समेत ढाई किमी तक जुलूस निकाला।

### पटाखों के बारूद से सगे भाई झुलसे

कानपुर। चकेरी के चंद्र नगर में पटाखों से बारूद निकाल कर बच्चों ने आग लगा दी। धमाका होने से सगे भाई झुलस गए। परिजनों ने उन्हें कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उर्सला रेफर किया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर है। चकेरी के चंद्र नगर निवासी अनिल सरिया जाल का काम करते हैं। उनके दो बेटे छह वर्षीय लक्ष्य और 10 वर्षीय अंश मंगलवार दोपहर को घर के बाहर खेल रहे थे। इस दौरान उन्हें कहीं से पुराने पटाखे पड़े मिल गए। जिसका उन्होंने एक कागज पर बुरादा निकालकर जमा किया। फिर माचिस से आग लगा दी। इससे धमाका हो गया। बारूद की चपेट में उनके हाथ-पैर और चेहरा झुलस गया।

# गांव में महिला अस्पताल नहीं, मेरे घर में खोल दें सरकार

**मिसाल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आज के आर्थिक युग में जब आदमी धन और संपदा बनाने में अपना जीवन खपाने में जुटा है, कम ही लोग हैं, जो सामाजिक सरोकारों और जन कल्याण के लिए अपनी जीवन भर की पूंजी समर्पित करने का साहस जुटा पाते हैं। ऐसी ही नायाब मिसाल प्रस्तुत की है, घाटमपुर तहसील के सजेती में टिकवांपुर निवासी बुजुर्ग रवींद्र मिश्र विपिन ने। उन्होंने अपना नवनिर्मित विशाल आवास महिला स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रसूति गृह संचालन के लिए सरकार को देने का निर्णय किया है। मंगलवार को रवींद्र मिश्र ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर उन्हें अपने प्रस्ताव के संबंध में पत्र सौंपा।

ग्राम टिकवांपुर निवासी रवींद्र मिश्र विपिन का कहना है कि महिला चिकित्सा एवं प्रसूति केंद्र गांव से दूर होने के कारण हर साल लगभग दर्जन भर महिलाएं समय से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने से काल के गाल में समा जाती हैं। इस बड़ी समस्या को देखते हुए गांव में महिला स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए वह नवनिर्मित कोठी सरकार को देना चाहते हैं, जिसमें चिकित्सा एवं प्रसूति केंद्र खोलने के लिए पर्याप्त जगह होने के साथ अन्य स्वास्थ्य सेवाओं या कल्याणकारी योजनाओं के लिए अतिरिक्त स्थान भी है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि इस स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण महाकवि भूषण के नाम पर किया जाए, ताकि इसी गांव में जन्म लेने वाले महाकवि भूषण की स्मृति को अक्षुण बनाए रखा जा सके। फिलहाल सांसद द्वारा टिकवांपुर को गोद लेने के बाद महाकवि भूषण की प्रतिमा गांव में लगाई गई है, इसके अतिरिक्त कोई ऐसा स्मारक या स्थान नहीं है, जिससे यह गर्व किया जा सके कि महाकवि ने यहीं पर जन्म लिया था। जिलाधिकारी ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से तत्काल रिपोर्ट तलब की है और आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस भवन में महिला चिकित्सा केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना करने का काम अमल में लाया जाएगा। जिलाधिकारी के अनुसार टिकवांपुर में महाकवि भूषण के नाम पर जिला स्तरीय पुस्तकालय का काम शुरू हो चुका है। रवींद्र मिश्र ने बताया कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर महिला चिकित्सा एवं प्रसूति केंद्र के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करेंगे।



डीएम को प्रस्ताव सौंपते रवींद्र मिश्र।



अमृत विचार रवींद्र का आवास।

- सजेती के टिकवांपुर निवासी रवींद्र मिश्र ने जिलाधिकारी को दिया नवनिर्मित आवास में स्वास्थ्य केंद्र खोलने का प्रस्ताव

### टिकवांपुर महाकवि भूषण की जन्म स्थली सहेजी जाएं उनकी स्मृतियां

- रीतिकाल में श्रृंगार रस को त्याग कर वीर रस की काव्य धारा बहाने वाले महाकवि भूषण को 'भूषण' नाम की उपाधि चित्रकूट नरेश हृदय राम के पुत्र रुद्र ने दी थी। कवि भूषण का जन्म घाटमपुर तहसील में सजेती के पास यमुना किनारे टिकवांपुर गांव में हुआ था। भूषण के पिता रत्नाकर त्रिपाठी भी कवि थे। उनके चारों बेटे चिंतामणि, जटाशंकर भूषण और मतिराम भी कवि थे। आचार्य कवि चिंतामणि औरंगजेब के भाई शाह शुजा और मतिराम औरंगजेब के दरबार में जाया करते थे। जटाशंकर नीलकंठ के नाम से छंद लिखते थे। रवींद्र मिश्र ने बताया कि छत्रपति शिवाजी के अमर गायक भूषण की महाराष्ट्र सरकार ने भी सुध नहीं ली, जबकि महाकवि द्वारा रचित शिवा बावनी का पाठ वहां प्रतिष्ठापरक माना जाता है। श्री मिश्र के अनुसार वह सतारा जिले के संग्रहालय में रखी महाकवि से जुड़ी सामग्री एवं साहित्य को गांव लाकर अध्ययन केंद्र खोलने की भी मांग करेंगे।

## किसान बोले, सर्किल रेट बढ़ाओ, वरना जमीन नहीं देंगे

कानपुर। सरसौल में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों एवं एसडीएम नर्वल विवेक मिश्रा के बीच बैठक हुई जिसमें किसानों ने सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की और स्पष्ट किया कि यदि सर्किट रेट नहीं बढ़ाया गया तो वे अपनी जमीन किसी कीमत पर नहीं देंगे। तहसील अधिकारी किसानों को मनाने का प्रयास करते रहे लेकिन फिलहाल बात नहीं बनी।

मंगलवार को सरसौल के महाराजपुर क्षेत्र में हाथीपुर, फफुवार, सूई, समेत कई गावों में यूपीसीडा द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए हाथीपुर में बैठक हुई जिसमें किसानों द्वारा रखे गये सर्किल रेट बढ़ाने की मांग पर सहमति नहीं बन सकी। एसडीएम का कहना है कि जल्द ही किसानों को समझा बुझाकर सहमति बना लेंगे ताकि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में कोई समस्या नहीं आये।

# 11.70 करोड़ से रमईपुर-जामू कठारा मार्ग का होगा चौड़ीकरण

## शासन ने सड़क निर्माण को वित्तीय मंजूरी देकर काम शुरू करने के लिए दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**6.5** किमी है रमईपुर-जामू कठारा मार्ग की कुल लंबाई

**5.5** मीटर चौड़ी बनाई जाएगी सड़क, होगा सुदृढ़ीकरण

**05** लाख से अधिक लोगों को सुलभ होगा सुगम यातायात

**अमृत विचार।** रमईपुर से नहरिया पुलिया पार करके जामू जमराही और कठारा रेलवे स्टेशन होते हुए कठेरुआ-कठारा मार्ग के दिन जल्द ही बहुरेंगे। 6.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क को साढ़े पांच मीटर चौड़ा किया जाएगा। अभी यह मार्ग सिंगल लेन है, जिसकी अधिकतम चौड़ाई साढ़े तीन मीटर ही है। इस मार्ग का चौड़ीकरण होने से रमईपुर से किसान नगर जाने के लिए एक और बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। शासन ने इस मार्ग के निर्माण के लिए 11.70 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर काम शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखा दी है।

शासन में संयुक्त सचिव राजेश प्रताप सिंह ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विकास को लिखे पत्र में रमईपुर से जामू जमराही कठारा रेलवे स्टेशन होते हुए कठेरुआ-कठारा मार्ग जिसकी कुल लंबाई साढ़े छह किलोमीटर है, के चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए 11 करोड़ 70 लाख से अधिक धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने की जानकारी दी है। इस धनराशि में इस सड़क के अगले पांच वर्षो तक अनुरक्षण के लिए 24.74 लाख की धनराशि शामिल है। इस मार्ग का अगले पांच साल तक अनुरक्षण निर्माण कार्य करने वाली फर्म को ही करना होगा। काम शुरू करने के लिए राज्य सड़क निधि से 57.65 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इस मार्ग का चौड़ीकरण होने से रमईपुर से न सिर्फ कठारा रेलवे स्टेशन की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी, बल्कि लोगों के लिए हाईवे के अतिरिक्त कठेरुआ और कठारा पहुंचने की राह सुगम हो जाएगी। माना जा रहा है, इस सड़क के बनने से पांच लाख से अधिक लोगों को फायदा होने के साथ इलाके का तेजी से विकास सुनिश्चित होगा।



मुख्यमंत्री से मिलकर विधायक अभिजीत सांगा ने दिया धन्यवाद।

### मुख्यमंत्री से विकास कार्यों पर की चर्चा

- कानपुर। विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। रमईपुर मार्ग की मंजूरी के लिए धन्यवाद दिया। बिठूर क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण की मांग की।

# विजय नगर-मरियमपुर चौराहा मार्ग 7.18 करोड़ से बनेगा फोरलेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**1.3** किमी विजय नगर-मरियमपुर चौराहा की कुल लंबाई

**18** माह में पूरा करना होगा सड़क निर्माण का कार्य

**14** मीटर चौड़ी बनाई जाएगी यह फोरलेन सड़क

- सड़क के बीच में डिवाइडर बनाकर दोनों तरफ 7-7 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी
- लोक निर्माण विभाग मुख्यालय ने काम शुरू करने के लिए प्रशासनिक व वित्तीय मंजूरी दी

**अमृत विचार।** विजय नगर सब्जी मंडी चौराहे से मरियमपुर चौराहा तक की सड़क का जल्दी ही चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण होगा। सड़क के बीच डिवाइडर बनाकर दोनों तरफ दो-दो लेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग मुख्यालय ने इस काम के लिए 7,18,69,000 रुपये के बजट को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस धनराशि में सड़क निर्माण के बाद अगले पांच वर्ष तक उसका रखरखाव करने की राशि भी शामिल है। सड़क बनाने वाली फर्म ही मार्ग का पांच साल तक रखरखाव भी करेगी। इस सड़क का चौड़ीकरण और पुनरुद्धार होने से यहां लगने वाले जाम की समस्या का निजात होगा।

विजय नगर चौराहे से एमएसएमई होते हुए मरियमपुर चौराहे तक की सड़क पर अभी डिवाइडर नहीं है। मार्ग के दोनों किनारों पर पर्याप्त जगह होने के बावजूद सड़क की स्थिति टू लेन वाली है। यही नहीं, इस व्यस्तम मार्ग में कई स्थानों पर गड्ढे हैं, और सड़क भी टूटी हुई है। यह मार्ग कई स्थानों पर कालपी रोड से जुड़ा है, इस कारण गलत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण जाम लगता है, और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क चौड़ीकरण प्रस्ताव के मुताबिक अब मार्ग के बीच में डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। विजय नगर चौराहा से मरियमपुर चौराहे तक दोनों तरफ सड़क सात-सात मीटर चौड़ी की जाएगी। दोनों सड़कों को नए सिरे से बनाते हुए उनका पांच साल तक मेंटीनेंस का जिम्मा निर्माण करने वाली कंपनी को ही दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं का कहना है कि विजय नगर सब्जी मंडी से मरियमपुर चौराहा मार्ग कनेक्टिविटी के लिहाज से शहर के कई मार्गों को जोड़ता है। इसे फोरलेन बनाने का काम अगले माह से शुरू किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। सड़क निर्माण करने वाली फर्म को 18 माह के भीतर काम पूरा करना है।

> विजय नगर चौराहा से मरियमपुर चौराहा मार्ग शहर की महत्वपूर्ण सड़क है। इसे फोरलेन बनाने के लिए टेंडर पहले ही कराए जा चुके हैं। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय ने अब वित्तीय स्वीकृति देते हुए निर्माण कार्य शुरू करने को हरी झंडी दिखा दी है। यह सड़क बनने और विजय नगर में मेट्रो का काम समाप्त होने से पूरे इलाके की छटा निखर जाएगी।
>
> -रमेश अवस्थी, सांसद





ईरानी कल्चर हाउस दिल्ली में आयतुल्लाह हकीम इलाही से मुलाकात की।

### ईरानी बच्चों के लिए अपनी ईदी और कान की बालियां दीं

कानपुर। शिया युवा यूनिट के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में ईरानी कल्चर हाउस के प्रमुख अयातुल्ला हकीम इलाही से भेंट की और खामेनाई की शहादत पर पुरसा दिया और साथ ही आर्थिक मदद दी। जूही हरी कॉलोनी की रहने वाली केके इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की शिक्षा ले रही बच्ची आरजू फातिमा ने अपने कान की बालियां ईरानी बच्चियों की याद में दान कर दीं। इस मौके पर शिया यूनिट के चेयरमैन शहाब रिजवी महासचिव नायाब आलम ने कहा कि बच्चों ने अपनी ईदी और अपने गुल्लक को तोड़कर ये पैसा इक्कट्ठा किया था। इस मौके पर दानिश रिजवी, मोहम्मद रजा, जमील हुसैन, शारिब अब्बास, आमिर अब्बास, मोहम्मद जकी, शहादत रिजवी, नजर अब्बास एवं वहदत काजमी आदि थे।

# सतर्क रहें: आपकी छोटी-सी सोशल मीडिया पोस्ट से बड़ा नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा सोशल मीडिया व आईटी की बैठक

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान एवं भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर भाजपा सोशल मीडिया व आईटी की बैठक की। जिसमें कहा गया कि सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट समझ कर डालें क्योंकि आपकी जरा सी गलती पार्टी को भारी नुकसान पहुंचा सकती है।

मंगलवार को उत्तर जिला कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 5 अप्रैल से 15 अप्रैल तक कानपुर उत्तर जिले के सभी मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान चलेगा जिसमें कार्यकर्ताओं का 24 घंटे का प्रवास होगा और 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज के लिए इस डिजिटल युग में सोशल मीडिया व आई टी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आप सभी सोशल मीडिया के माध्यम से समाज को पार्टी का प्रतिबिंब दिखाते हैं, ऐसे में हमको अपनी व्यक्तिगत पोस्ट या पार्टी की पोस्ट हो बहुत सोच समझकर सोशल मीडिया पर डालनी चाहिए। आप की एक छोटी सी गलती भी पार्टी का बहुत बड़ा नुकसान कर सकती है क्यों कि एक पोस्ट की पहुंच लाखों लोगों तक रहती है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अभिनव दीक्षित, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जीतू कश्यप, जिला आईटी प्रमुख प्रभाकर अवस्थी, सरिता सैनी, मानसी बनर्जी, अभिषेक दीक्षित, प्रशांत यश जायसवाल, अभिराज चंदेल आदि मौजूद रहे।




रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग की गई। अमृत विचार

# मार्च के आखिरी दिन ट्रेनों स्टेशनों पर छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिर्फ भीमसेन से झांसी तक मंडल में 5.35 लाख रुपये जुर्माना वसूला
- कानपुर, अनवरगंज एवं गोविंदपुरी समेत विभिन्न स्टेशनों पर अभियान चला

**अमृत विचार।** 31 मार्च तक राजस्व बढ़ाने के लिए रेलवे ने बेटिकट यात्रियों के खिलाफ पूरे कानपुर समेत पूरे उत्तर मध्य जोन में घेराबंदी करके ताबड़तोड़ छापेमारी की जिसमें कई यात्री बेटिकट पकड़े गये। सिर्फ झांसी मंडल में रेलवे ने बेटिकट यात्रियों से 5.35 लाख रुपये की वसूली की।

मंगलवार को उप यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह के दिशा निर्देशन में चेकिंग अभियान चलाया गया। कानपुर सेंट्रल स्टेशन, रावतपुर स्टेशन, अनवरगंज, गोविंदपुरी समेत कई स्टेशनों पर बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध अभियान चला। इसी प्रकार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, नेता जी एक्सप्रेस, महाबोधि एक्सप्रेस, आगरा इंटरसिटी, प्रतापगढ़ इंटरसिटी, चित्रकूट एक्सप्रेस, कुशी नगर एक्सप्रेस, लखनऊ मेल समेत 100 से अधिक ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की तलाश में छापेमारी की गई।

उधर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा की अगुवाई में भीमसेन से झांसी तक सचल दस्ते द्वारा ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। विभिन्न स्टेशनों पर भी छापेमारी की गई। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ट्रेनों एवं स्टेशनों पर व्यापक जांच की गई। कुल 836 मामलों में कार्रवाई की गई जिससे 5,35,485 रुपये का राजस्व अर्जित हुआ इसमें बिना टिकट यात्रा के 449 मामले, अनियमित यात्रा के 340 मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अनबुक्ड लगेज, धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के मामलों में भी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

**बदलाव** — कॉरपोरेट मंत्रालय ने कंपनियों के निदेशकों के लिए केवाईसी नियमों में किया अहम बदलाव

# उद्योगों को राहत, निदेशकों की तीन साल में केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कॉरपोरेट अनुपालन को सरल बनाते हुए कॉरपोरेट मंत्रालय ने कंपनियों के निदेशकों के लिए केवाईसी नियमों में अहम बदलाव करते हुए उद्योग संचालन को राहत प्रदान की है। अब कंपनियों के निदेशकों को हर वर्ष के बजाय हर तीन वित्तीय वर्षों में एक बार डीआईआर-3 केवाईसी फाइल करना होगा। अभी तक हर साल यह केवाईसी फाइल करना अनिवार्य था। यह फाइलिंग तब भी करनी होती थी, भले ही विवरणों में कोई बदलाव न हुआ हो। इसके उल्लंघन पर डॉयरेक्टर आइडेंटिफिकेशन नंबर (डिन) निष्क्रिय हो जाता था, जिसे पुनः सक्रिय करने और विलंबित केवाईसी के लिए पांच हजार शुल्क देना पड़ता था। इससे कंपनी से संबंधित कामों जैसे कंपनी गठन, निदेशक नियुक्ति आदि में व्यावहारिक कठिनाइयां आती थीं।

कॉरपोरेट मंत्रालय ने नए संशोधन के जरिए कंपनियों के निदेशकों के लिए अब अधिक व्यावहारिक और सरल ढांचा लागू किया है। इसमें हर तीन साल में एक बार ही केवाईसी फाइलिंग होगी। इसकी तिथि संबंधित वर्ष की 30 जून होगी। यह नियम उन सभी डॉयरेक्टर आइडेंटिफिकेशन नंबर धारकों पर लागू होगा जो 31 मार्च को अस्तित्व में हैं। मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, आवासीय पता में बदलाव होने पर 30 दिन में अपडेट कराना होगा। इसके लिए मंत्रालय ने डीआईआर-3केवाईसी और डीआईआर-3केवाईसी वेब को मिलाकर एक ही वेब-आधारित फॉर्म बना दिया है। इस कदम से निदेशक हर वर्ष फाइलिंग के झंझट से बचेंगे। बार-बार प्रोफेशनल फीस और फाइलिंग खर्च से राहत मिलेगी। उन्हें अब केवल वास्तविक बदलाव होने पर ही अपडेट करना होगा।



> यह संशोधन रूटीन वार्षिक अनुपालन से हटकर इवेंट-ड्रिवन प्रणाली की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। जहां पहले बिना किसी बदलाव के भी फाइलिंग अनिवार्य थी, वहीं अब केवल आवश्यक स्थितियों में ही अनुपालन करना होगा। यह सुधार बड़ी संख्या में निदेशकों को राहत देकर ईज आफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देगा। समय पर विवरण अपडेट करने की अनिवार्यता से नियामकीय निगरानी भी मजबूत बनी रहेगी।
>
> -अंकुर श्रीवास्तव, पूर्व चेयरमैन, इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटीज, कानपुर चैप्टर (नॉर्दर्न रीजन)

> सरकार का डीआईआर-3 केवाईसी के नियम में बदलाव उद्योगों के लिए राहत भरा कदम है। पहले हर साल डायरेक्टर्स को इस समस्या का सामना करना पड़ता था। नए नियम से बार-बार की भागदौड़ खत्म होगी और कंपनियां अपने असली काम पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगी। खासकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए हर साल केवाईसी अनिवार्यता एक अतिरिक्त बोझ जैसी थी। सरकार ने अब पूरा सिस्टम वेब-बेस्ड कर दिया है, जिससे फाइलिंग सरल होगी और अनावश्यक जटिलता कम होगी। फैसला व्यावहारिक है और उद्योगों की वास्तविक जरूरत को ध्यान में रखकर लिया गया है।
>
> -अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रोविन्शियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ



### झांसी-लखनऊ इंटरसिटी आज रद्द

**कानपुर।** उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल को गाड़ी संख्या 11110 (लखनऊ जंक्शन से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी) तक चलने वाली ट्रेन अपरिहार्य कारणों से निरस्त रहेगी।

### सेंट्रल से मदुरै के लिए विशेष ट्रेन

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन से मदुरै के लिए पहली अप्रैल 2026 से साप्ताहिक ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 01927 कानपुर सेंट्रल से प्रत्येक गुरुवार 1 अप्रैल से 27 मई तक चलेगी। गाड़ी संख्या 01928 प्रत्येक शुक्रवार 3 अप्रैल से 29 मई तक चलेगी।

### आगरा से असरवा विशेष ट्रेन आज से

**कानपुर।** रेलवे ने आगरा कैंट से कानपुर होते हुए असरवा के लिए विशेष ट्रेन 1 अप्रैल 2026 से चलाने की घोषणा की है। आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 01919 सोमवार एवं मंगलवार को छोड़कर सभी दिन 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलेगी। गाड़ी संख्या 01920 मंगलवार एवं बुधवार को छोड़कर 2 अप्रैल से 6 अप्रैल को चलेगी।

### सीएसजेएमयू में छात्रों ने देखे चांद-सितारे

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में खगोल विज्ञान क्लब की ओर से मंगलवार को आकाशीय अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शाम पांच से सात बजे तक चले इस कार्यक्रम में यूआईईटी के निदेशक डॉ. आलोक कुमार एवं क्लब मेंटर डॉ. प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में छात्रों को आकाशीय गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। क्लब द्वारा विशेष दूरबीन (टेलीस्कोप) की व्यवस्था की गई, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने चंद्रमा सहित विभिन्न आकाशीय पिंड देखे। कार्यक्रम में क्षितिज मौर्य, मुकेश यादव, श्रेष्ठ बाजपेयी, प्रतीक सिंह, आदव्य त्रिपाठी, आराधना सिंह एवं सचिन यादव सहित कई छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने खगोल विज्ञान से जुड़ी कई नई और रोचक जानकारियां हासिल कीं। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ ही अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने में सहायक होते हैं।



बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

## वार्षिक परीक्षा फल वितरण और छात्रवृत्ति समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज, आजाद नगर के तत्वावधान में सोमवार को नारायण मंडप में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं छात्रवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अमित अग्रवाल ने किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा समूह नृत्य और देशभक्ति गीत "संग्राम जिंदगी है" ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बैरिस्टर ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर भी जोर दिया। विशिष्ट अतिथि हेमेंद्र सिंह तोमर थे। संचालन अनुराधा सिंह, अंकिता गुप्ता, रिचा तिवारी व सृष्टि बाजपेई ने किया। प्रधानाचार्य अंकित शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

# हनुमान जयंती पर कल पनकी क्षेत्र में बदलेगा यातायात

**कानपुर।** यातायात विभाग ने हनुमान जयन्ती के अवसर पर पनकी क्षेत्र में 2 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से कई मार्गों पर रूट डायवर्जन किया है। पनकी क्षेत्र में चलने वाले सभी प्रकार के भारी/मध्यम वाहन जिनको पूर्व में पास निर्गत किये गए है, वे 2 अप्रैल 2026 को निरस्त रहेंगे।

### देहात के भक्त इधर से आएंगे

- कानपुर देहात से थाना सचेण्डी भौंती बाई पास चौराहा होते हुये पनकी मन्दिर की ओर जाने वाले श्रद्धालु भौंती चौराहे से आगे पनकी पड़ाव गंगागंज क्रॉसिंग से बांये मन्दिर तक पहुंचेंगे एवं इनके वाहनों के लिये पार्किंग स्थल स्टेशन रोड तिराहा से पूर्व गंगागंज मार्ग के दोनों ओर एवं इस मार्ग से अन्य विभिन्न लिंक मार्गों पर उपलब्ध करायी गयी है।

### हमीरपुर-फतेहपुर उन्नाव के भक्त

- हमीरपुर, फतेहपुर, उन्नाव आदि जनपदों की ओर से आने वाले श्रद्धालु जो घण्टापर चौराहा, रामादेवी चौराहा, नौबस्ता चौराहा, विजय नगर चौराहा होते हुये आयेंगे, वह सभी भाटिया तिराहे से दाहिने मन्दिर तक एवं स्टेशन रोड होते हुये मन्दिर परिसर तक पहुंचेंगे। जो वाहन भाटिया तिराहे से मन्दिर की ओर जायेंगे।

### कन्नौज- फर्रुखाबाद के भक्त यहां से आएं

- कन्नौज, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद की ओर से कल्याणपुर होते हुये जो श्रद्धालु मन्दिर परिसर जायेंगे वह सभी कल्याणपुर से आवास विकास नहर पनकी होते हुये एमआईजी रोड़ एवं सब्जीमण्डी तिराहे पर स्थित रामलीला मैदान में अपने वाहन खड़े कर मन्दिर परिसर की ओर जा सकेंगे।

कानपुर देहात शिवली रसूलाबाद मार्ग से जवाहरपुरम शताब्दी नगर रतनपुर होते हुये मन्दिर की ओर जाने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को नारायना कॉलेज चौराहे से आगे शताब्दी नगर रोड़ तिराहे तक सड़क के दोंनो ओर अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

### ऐसे रहेगा डायवर्जन

- कल्याणपुर की ओर से आने वाला यातायात आवास विकास नहर पनकी से आगे शताब्दी द्वार/पनकी मन्दिर की ओर नहीं जा सकेगा ऐसा यातायात आवास विकास नहर पनकी से अर्मापुर नहर तिराहा अथवा एमआईजी तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जायेंगे।
- पनकी रोड चौकी थाना कल्याणपुर से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी नहर की ओर नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन डबल पुलिया विजय नगर होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।
- भाटिया तिराहा से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी मन्दिर की ओर नहीं जा सकेंगे ।ऐसे वाहन अर्मापुर नगर होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- कालपी रोड से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी धाम स्टेशन होते हुए पनकी मन्दिर की ओर नहीं जा सकेंगे।
- नारायना कॉलेज चौराहा से कोई वाहन शताब्दी द्वार तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। ऐसे वाहन गंगागंज क्रासिंग होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- पनकी पडाव गंगागंज क्रासिंग से कोई भी भारी एवं मध्यम वाहन पनकी मन्दिर की ओर नहीं जा सकेंगे।
- भौती बाईपास चौराहे से विजय नगर चौराहे की ओर एवं विजय नगर चौराहे की ओर से भौती बाईपास चौराहे की ओर कोई भी भारी वाहन नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन भौती बाईपास से एल0एम0 एल चौराहा होते हुए दादा नगर, विजय नगर चौराहा मार्ग का प्रयोग कर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

### यहां अपने वाहन पार्क कर सकेंगे

- मन्दिर के पश्चिम द्वार पर अति विशिष्ट एवं आवश्यक कार्य के वाहन खड़े होंगे।
- शताब्दी रोड़ तिराहा से रतनपुर रोड़ पर सड़क के दोनो ओर वाहन खड़े करेंगे।
- सब्जीमण्डी रोड, रामलीला मैदान . पनकी थाना मार्ग सड़क के दोनो ओर, कमल मेमोरियल स्कूल गली में, कछुआ तालाब रोड (पुलिस प्रशासन पार्किंग), स्टेशन रोड तिराहा से गंगागंज क्रासिंग मार्ग, गेट न-04 के सामने, एटीएम चौराहा पर पार्क करें।
- **ट्रैफिक कंट्रोल रूम :** 9305104340
- **ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर :** 9305104387

# करौली शंकर महादेव बने महामंडलेश्वर

## मिश्री मठ के परमाध्यक्ष हैं करौली शंकर महादेव, हरिद्वार में वैदिक रीत-रिवाजों से किया गया विभूषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



करौला शंकर महाराज का पट्टाभिषेक किया गया। अमृत विचार

- श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण हरिद्वार में वैदिक रीति से भव्य उत्सव में हुआ पट्टाभिषेक
- साधना-तपस्या, आध्यात्मिक ऊर्जा से लोगों को आरोग्य प्रदान करने के लिए सम्मान

**अमृत विचार।** श्री करौली शंकर महादेव धाम, मिश्री मठ हरिद्वार के परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव महाराज का मंगलवार को हरिद्वार में वैदिक पद्धति और परंपरा से पट्टाभिषेक समारोह आयोजित कर महामंडलेश्वर की उपाधि से अलंकृत किया गया। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण में आयोजित भव्य समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधियों से पूरा वातावरण सनातन की आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। देश भर से आए संतों-महंतों, महामंडलेश्वरों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के मुखिया महंत भगतराम जी महाराज ने पट्टाभिषेक समारोह में कहा कि करौली शंकर महादेव योग, मंत्र दीक्षा, ध्यान साधना व भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। वह देश-दुनिया में मानव मात्र को कष्टों से मुक्ति दिलाने का भागीरथ कार्य कर रहे हैं। अब अखाड़ा की परम्पराओं का पालन करते हुए मान-मर्यादा व सम्मान को और आगे बढ़ाएंगे। सचिव मुखिया महंत जगतार मुनि जी ने कहा कि महामण्डलेश्वर के रूप में करौली शंकर महादेव श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने शिव तंत्र ज्ञान को अंधविश्वास से निकालकर स्मृति आधारित आध्यात्मिक विज्ञान के रूप में स्थापित किया है, जिससे मानव जीवन के कष्टों के मूल कारण को समझा जा सकता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविन्द्र पुरी जी महाराज ने कहा कि करौली शंकर महादेव महाराज विलक्षण संत हैं, उन्होंने सदैव मानवता की सेवा की है। उनके गुरु पंडित श्री राधा रमण जी मिश्र सनातन परंपरा के उन विरले संतों में थे, जिन्होंने तंत्र और आध्यात्मिक साधना को एक नई दिशा दी। उनकी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए करौली शंकर महादेव महामण्डलेश्वर के रूप में भारतीय संस्कृति व सनातन को शिखर पर ले जाएंगे। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा श्री महंत ज्ञानदेव सिंह जी महाराज ने कहा कि करौली शंकर महादेव उच्च कोटि के साधक हैं। नया अखाड़ा ने उन्हें महामण्डलेश्वर बनाकर संत समाज को नयी ऊर्जा व शक्ति प्रदान की है। समारोह में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि पट्टाभिषेक समारोह में उमड़ा संतों व भक्तों का सैलाब इस बात का प्रमाण है कि करौली शंकर महादेव हमारी आस्था के केन्द्र हैं।

करौली शंकर महादेव ने आभार प्रदर्शन में कहा कि उनके गुरुदेव भी श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन से जुड़े थे। अखाड़ा ने महामण्डलेश्वर नियुक्त कर जो सम्मान उन्हें दिया है उसे आजीवन सेवा के माध्यम से समाज को लौटाएंगे। समारोह का संचालन महामण्डेलश्वर स्वामी हरिचेतनानन्द जी महाराज ने किया।

पट्टाभिषेक समारोह में मुखिया महंत आकाश मुनि, मुखिया महंत मंगलदास, अध्यक्ष महंत धूनी दास महाराज, अध्यक्ष महंत गोपाल दास जी महाराज शामिल रहे। समारोह में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन से कोठारी राघवेंद्र दास, श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के श्री महंत ज्ञानदेव सिंह, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद बड़ा उदासीन अखाड़ा, महामंडलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश, महामंडलेश्वर चंद्र मुनि, महामंडलेश्वर योगेंद्रानंद, महामंडलेश्वर सुरेश मुनी, मुकामी महंत स्वामी देवानंद जी महाराज, महंत सोहन दास जी, महंत अमर दास जी, महंत सोहन दास दया कला पंजाब, महंत बुध दास, महंत रामशरण दास, मिश्री मठ के प्रबन्धक डॉ. उमेश सचान भी उपस्थित रहे।

## सर्किट रेट बढ़ने से पहले भीड़, 225 रजिस्ट्रियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र में 2646 संपत्तियों की रजिस्ट्रियां हुईं लेकिन 31 मार्च को उसके बाद रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ रही क्योंकि सर्किट रेट बढ़ने की संभावना है। मंगलवार को रजिस्ट्रार ऑफिस में भारी भीड़ रही और 225 रजिस्ट्रियां हुई जिससे सरकार के खाते में 2 करोड़ 73 लाख, 10 हजार 310 रुपये राजस्व की आय हुई।

मंगलवार को महावीर जयंती के चलते मंगलवार को अवकाश था लेकिन उसके बाद भी रजिस्ट्री दफ्तर खोला गया। सर्किल रेट बढ़ने से पहले फ्लैट, मकान, दुकान, जमीन, फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय में होड़ रही।

बताते चलें कि प्रदेशभर में जमीन, दुकान, मकान, फ्लैट की बिक्री में एकरूपता लाने की मंशा से प्रदेशभर में नए सर्किल रेट लागू होगा जिसके लिए जिले में छह माह बाद ही नए सर्किल रेट लागू करने के प्रस्ताव तैयार हो रहा है। हालांकि नया सर्किल रेट का प्रस्ताव तैयार नहीं हो पाने के कारण नए सर्किल रेट लागू होने में अभी समय लगेगा लेकिन फिर भी लोग रजिस्ट्री करा लेना चाहते हैं। दरअसल, सितंबर में लागू की गई नई सूची में कलक्टरगंज के 59000 से 77000, परेड के 36000 से 47000, पी रोड के 65000 से 72000, सिविल लाइंस के 59000 से 77000 और माल रोड के 59000 से 75000 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिए गए। इसी प्रकार मेहरबान सिंह का पुरवा का सर्किल रेट पहले 9 मीटर सड़क पर 4600 और नई सूची में 10000 रुपये प्रति वर्ग मीटर हो गया।

### डीएफसी ट्रैक पर मेगा ब्लाक, दो ब्रिज रिप्लेसमेंट

**कानपुर।** कानपुर से झांसी के मध्य फ्रेट कॉरीडोर यानी डीएफसी रेलमार्ग पर दो ब्रिज को रिप्लेसमेंट करने के लिये साढ़े चार घंटे (4 घंटा) का मेगा ब्लाक लिया गया और ब्रिज को बदल दिया गया। ये डीएफसी फीडर रूट की डाउन लाइन पर 24वां ब्रिज है, जिसे सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित किया गया है। मंगलवार को उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रेलवे द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण की दिशा में निरंतर प्रयासों के तहत कानपुर-झांसी सेक्शन में दो ब्रिज रिप्लेसमेंट कार्य सफलतापूर्वक किया गया। प्रथम कार्य के अंतर्गत मोंठ-नंदखास अप लाइन पर स्थित ब्रिज संख्या 1181/1 को बदलकर आधुनिक आरसीसी बॉक्स से प्रतिस्थापित किया गया। इस कार्य के लिए 4.5 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक प्रातः 04:40 बजे से 09:10 बजे तक लिया गया।

## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सोमनाथ मंदिर में प्राचीन खंडित शिवलिंग की पुनर्स्थापना के लिए श्री श्री रविशंकर की पहल
- पवित्र अवशेषों की यात्रा बुधवार को शहर में, बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में प्रवास

**अमृत विचार।** सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के प्राचीन अवशेष बुधवार को शहर आएंगे। सोमनाथ मंदिर को एक हजार वर्ष पूर्व महमूद गजनी ने आक्रमण में नष्ट कर दिया था। लेकिन पुजारियों ने गुप्त रूप से जोयोतिर्लिंग के अवशेषों को सुरक्षित रख लिया था, जिनका अब प्राकट्य हुआ है। बेनाझाबर स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में सायं 5:30 से 7:30 बजे तक इनके दर्शन किए जा सकेंगे।

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर ने सोमनाथ मंदिर में प्राचीन खंडित शिवलिंग की पुनर्स्थापना की पहल की है। 1026 ईसवीं में महमूद गजनी ने आक्रमण कर मंदिर को नष्ट कर दिया था। इसके बाद मूल ज्योतिर्लिंग के अवशेष बीते 1000 वर्षों से पुजारियों ने संरक्षित कर रखे थे, अब इन्हीं को पुनर्स्थापित किया जाना है। आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया कोऑर्डिनेटर पुनीत अवस्थी ने बताया कि इस कार्य से पहले ज्योतिर्लिंग के पवित्र अवशेषों की देश भर में यात्रा निकाली जा रही है, ताकि शिवभक्त मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों के दर्शन कर सकें। विभिन्न शोधों से पता चला है कि अति विशिष्ट चुंबकीय गुणों वाले ये ज्योतिर्लिंग अवशेष इस ग्रह के नहीं हैं।

## पीएनजी लाइन से रिसाव के बीच कूड़े में आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा-दो में पीएनजी लाइन फटने से गैस रिसाव हुआ और कूड़े की आग ने हालात और बिगाड़ दिए। समय रहते आपूर्ति बंद होने से बड़ा हादसा टल गया।

बर्रा-दो क्षेत्र से गुजर रही पीएनजी लाइन के पास किसी ने लापरवाही में खोदाई कर दी। इससे पाइप क्षतिग्रस्त हो गया और गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया। इसी दौरान पास में जल रहे कूड़े की आग गैस के संपर्क में आ गई और अचानक लपटें उठने लगीं। आग और गैस रिसाव की खबर फैलते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सीयूजीएल कर्मचारियों ने हालात संभालते हुए गैस चेंबर को बंद कराया। जिससे रिसाव पर काबू पाया।

### मनोरमा एजुकेशन सेंटर में ग्रेजुएशन डे



**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित मनोरमा एजुकेशन सेंटर में ग्रेजुएशन डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का मनमोह लिया। बच्चों को गाउन व कैप पहनाकर डिग्री वितरित की गई। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर अंकित सिंह, प्रबंधक अमित सिंह, प्रधानाचार्य भक्ति जुनेजा, कक्षाध्यापिका शीबा भाटिया, आरती मिश्रा, सृष्टि, आरती अग्रवाल, सौम्या टूटेजा समेत आदि शिक्षक रहे। अमृत विचार

**समस्या** — महिलाओं ने प्रेशर कुकर पर जताया भरोसा, फ्राई पैन से किया तौबा

## रसोई गैस किल्लत से बदल रहा घर का मेन्यू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में रसोई गैस किल्लत से आम घरों का भी मेन्यू बदल रहा है। घरों में भोजन पकाने के तरीकों में बदलाव आने लगा है। ऐसे भोजन से दूरी बनाई जा रही है जिसमें अधिक आंच की जरूरत पड़ रही है। ज्यादातर भोजन प्रेशर कुकर में पकाया जा रहा है। फ्राईपैन से अधिकतर महिलाओं ने तौबा कर लिया है।

रसोई गैस किल्लत की वजह से घरों में गैस की बजत शुरू हो गई है। इनमें जिनके पास पर्याप्त रसोई गैस मौजूद है वह भी और जिनके पास सिलेंडर की कमी है वह भी गैस बचाने के उपाय तलाश रहे हैं। घरों में बच्चों का पसंदीदा भोजन भी सीमित मात्रा में ही पक रहा है। फटाफट भोजन बनाने वाली रेसेपी को तवज्जो दी जा रही है। कढ़ी, राजमा, पूड़ियां, कटहल, करेला जैसी रेसेपी को महिलाओं ने बनाना बंद कर दिया है। दाल व चावल बनाने के लिए कुकर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

शहर के पॉश इलाकों में महिलाओं के बीच होने वाली किटी पार्टियां पर भी इसका असर पड़ा है। स्वरूप नगर, तिलक नगर, पांडु नगर सहित अन्य इलाकों मे हर सप्ताह होने वाली पार्टियां इस सप्ताह नहीं हो पाई हैं। होली के पर्व के बाद अनिवार्य रूप से इन पार्टियों पर ग्रहण लगा है।



"अब हर वक्त गैस सिलेंडर की चिंता बनी रहती है ।परिवार ने पाइप लाइन के लिए आवेदन भर दिया है। अब जब तक सीयूजीएल पाइप लाइन से हमारे घर में गैस आनी नहीं शुरू होती तब तक गैस की बजटिंग करनी होगी।

– अनीषा भट्टाचार्या



"रसोई गैस की कती से पूरा शहर प्रभावित हो रहा है। हम लोगों ने अब घरों में खाना पकाने के तरीकों और मेन्यू में बदलाव किया है। घर में वही खाना बन रहा है जो कम गैस खर्च में तैयार हो जाता है।

– पिंकी मुखर्जी



"रसोई गैस की किल्लत के चलते हम लोगों ने इंडेक्शन खरीद लिया है। घर में रसोई गैस है लेकिन भविष्य को देखते हुए तैयारी कर ली है। गैस का कम से कम उपयोग घर में हो रहा है। चाय भी सीमित मात्रा में ही बनाई जा रही है।

– सोमा घोष विश्वास

## एलिम्को के पास बनेगा एफओबी

**कानपुर।** नारामऊ एलिम्को के पास फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा ।जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी से प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक में यह बात कही गई थी। फुटओवर ब्रिज बनने से लोगों को सड़क पार करने में दिक्कत नहीं होगी। अभी लोगों को भारी वाहनों के दबाव के चलते लोगों को परेशानी होती है। सरकार ने रोड भी फोरलेन जितनी चौड़ी की है। गुजैनी एनएच पर फुटओवर ब्रिज की तरह बनाया जा सकता है। जिससे साइकिल सवार व राहगीरों को दिक्कत ना हो। यह निर्णय बढ़ते ट्रैफिक और सड़क पार करने में हो रही दिक्कतों को देखते हुए लिया गया है।

## सीएसजेएमयू ने नेचर इंडेक्स रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रसायन विज्ञान में भारत में 144वीं और भौतिक विज्ञान में 134वीं रैंक




**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने वैश्विक शैक्षणिक जगत में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए 'नेचर इंडेक्स रैंकिंग 2026' में उल्लेखनीय स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने अनुसंधान के क्षेत्र में प्रगति करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 7527वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि भारत में इसका स्थान 316वां रहा।

शैक्षणिक अनुसंधान में विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर पर 3457वीं और भारत में 233वीं रैंक हासिल की है। विषयवार प्रदर्शन में भी विश्वविद्यालय ने बेहतर परिणाम दिए हैं, जहां रसायन विज्ञान में भारत में 144वीं और भौतिक विज्ञान में 134वीं रैंक प्राप्त हुई है। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह रैंकिंग विश्वविद्यालय में विकसित हो रहे मजबूत रिसर्च इकोसिस्टम का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, शोध की गुणवत्ता में सुधार और शोधार्थियों को वैश्विक अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन बताया कि यह सफलता पारदर्शी रिसर्च पॉलिसी और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का परिणाम है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गौरव में नया अध्याय जुड़ गया है और भविष्य में इसे देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल करने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे।

### न्यूज ब्रीफ

**अचलगंज के अपराध निरीक्षक लाइन हाजिर**

**उन्नाव, अमृत विचार।** विवेचनाओं को समय से निस्तारित करने के निर्देश लगातार एसपी जय प्रकाश सिंह द्वारा अधीनस्थों को दिए जा रहे थे। इसके बावजूद हीलाहवाली व लापरवाही बरतने पर एसपी ने अचलगंज थाना के अपराध निरीक्षक इरशाद त्यागी को लाइन में आमद कराने के आदेश दिए हैं। एसपी ने समीक्षा में पाया कि 6 विवेचनाओं में 2 के निस्तारण में अपराध निरीक्षक ने 6 महीने से अधिक समय लगाया। फिर भी उनका निस्तारण नहीं कर पाये। एसपी ने इरशाद त्यागी को लाइन भेज दिया।

**बाइक की टक्कर से महिला घायल**

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। अंबिकापुरम निवासी ममता स्कूटी से घर जा रही थी। तभी एक मोड़ के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ममता सड़क पर गिर पड़ीं और उन्हें चोटें आ गई। हालांकि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था जिससे उनका सिर गंभीर चोट आने से बच गया। घायल महिला को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**आग से गृहस्थी जलकर हुई खाक**

**उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र भोगईता गांव निवासी गोकुल गांव के बाहर आवासीय पट्टे की भूमि पर छप्पर डालकर रहता था। बीती रात अचानक झोपड़ी में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। मंगलवार को लेखपाल सुनील ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया।

# नहीं बचा आस्था का प्रतीक पीपल का पेड़

## रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण में काटा गया 80 वर्ष पुराना वृक्ष, लोगों में नाराजगी

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव,

**अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण कार्य के तहत मंगलवार को प्लेटफार्म व स्टेशन परिसर के आसपास खड़े वर्षों पुराने पेड़ों को काटने का काम शुरू किया गया। इस दौरान करीब 80 साल पुराने पीपल के पेड़ को काटते समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पेड़ की डाल काटते समय आसिफ नाम का युवक संतुलन बिगड़ने से गिरते-गिरते बच गया। हालांकि उसे हल्की चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि रेलवे द्वारा प्लेटफार्म के विस्तार के लिए पुराने पेड़ों को हटाया जा रहा है। पेड़ काटते समय तकनीकी दिक्कतें भी सामने आईं और कटर मशीन 3 बार खराब हो गई। जिससे कार्य में बाधा आई। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह स्थिति संभाली और कार्य जारी रखा। स्थानीय लोगों में इस



प्लेटफार्म पर लगे वर्षों पुराने पीपल के पेड़ को काटता युवक। अमृत विचार

कार्रवाई को लेकर नाराजगी रही। लोगों का कहना है कि यह पीपल का पेड़ उनके लिए आस्था का केंद्र रहा है। पेड़ के नीचे शनि देव मंदिर, हनुमान जी व शिवलिंग स्थापित हैं। जहां नियमित पूजा-अर्चना होती है। ऐसे में पेड़ काटे जाने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। वहीं, पुराने यातायात पुल चौराहे के पास स्थित एक अन्य पीपल का पेड़ व चौकी के पीछे खड़ा अर्रा का पेड़ भी हटाया जाना प्रस्तावित है। हालांकि चौराहे वाले पीपल के पेड़ में मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता होने से कर्मचारी उसे काटने से फिलहाल कतरा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पेड़ों को बचाने की मांग की है।

**400 मीटर रिटेनिंग वॉल का कार्य पूरा**

**शुक्लागंज।** अमृत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण में प्रगति जारी है। कार्यदायी संस्था द्वारा अब तक करीब 400 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जबकि 250 मीटर हिस्सा अभी शेष है। जिसे जल्द पूरा करने की तैयारी तेज है। शेष कार्य को गति देने के लिए मंगलवार को राजीव नगर खंती की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई। इस दौरान झुग्गी-झोपड़ियां हटाने के साथ निर्माण क्षेत्र में आ रहे पेड़ों की कटान भी शुरू हुई। ताकि कार्य में बाधा न रहे।



यूटीवी मशीन से डाउन लाइन की लूप लाइन पर होता कार्य। अमृत विचार

## कल से शुरू होगा 42 दिन का मेगा ब्लॉक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** रेलवे पुल के डाउन लाइन पर जर्जर स्टील ट्रफ हटाने के लिए 2 अप्रैल से 42 दिनों का मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक शुरू होगा। यह ब्लॉक 13 मई 2026 तक रोज सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक लागू रहेगा। इसके तहत पुराने स्टील ट्रफ हटाकर नए एच-बीम चौनल स्लीपर लगाए जाएंगे। रेलवे द्वारा इस कार्य को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मंगलवार को तैयारियों के तहत डाउन लाइन की लूप लाइन पर 3 यूटीवी मशीनों से ट्रैक किनारे पड़े सीमेंटेड स्लीपर व कबाड़ हटाने का कार्य हुआ। हटाए गए सभी स्लीपरों को रेलवे कॉलोनी स्थित यार्ड में एकत्र किया गया। इस दौरान लूप लाइन पर काम होने से उसे अस्थायी रूप से बंद रखा गया। जबकि डाउन लाइन की सभी ट्रेनों को मेन लाइन से संचालित किया गया। रेल अफसरों के अनुसार, कार्यस्थल पर एच-बीम स्लीपर पहले ही मंगाए जा चुके हैं। इसके अलावा स्लीपर लगाने के लिए जरूरी नट-बोल्ट भी लखनऊ से आ गए हैं। पूरे प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए संसाधनों व मशीनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। बताया कि मेगा ब्लॉक के दौरान रेलवे पुल पर व्यापक सुधार कार्य होंगे। जिससे ट्रैक की मजबूती व सुरक्षा में वृद्धि होगी। बुधवार से शुरू हो रहे ब्लॉक को लेकर अफसरों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। संभावना है कि आज वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर तैयारियों का अंतिम जायजा लेंगे।

# कड़ी मेहनत से कमर्शियल टैक्स ऑफिसर बने धीरज

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा नवाबगंज निवासी धीरज गुप्ता ने कड़ी मेहनत व लगन के बल पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यूपीपीसीएस-2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर कमर्शियल टैक्स ऑफिसर का पद पाया है। इस सफलता से परिजनों व पूरे कस्बे में खुशी की लहर है। धीरज के पिता नंदलाल गुप्ता कस्बे में ई-रिक्शा एजेंसी चलाते हैं। माता संध्या देवी गृहिणी हैं। साधारण परिवार से आने वाले धीरज ने लगन व मेहनत से यह साबित किया कि सफलता मेहनत से ही मिलती है।



धीरज कुमार गुप्ता।

धीरज ने कक्षा 1 से 12 तक दही स्थित केंद्रीय विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद कानपुर यूनिवर्सिटी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

**सुभाष नगर में वॉटर लाइन की मरम्मत आज**

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** राजमार्ग स्थित सुभाष नगर के पास शनिवार शाम फटी वॉटर लाइन की मरम्मत बुधवार को होगी। पाइप लाइन फटने से क्षेत्र की जलापूर्ति कई दिनों से प्रभावित रही। सोमवार को पालिका के पंप हाउस की मोटर भी खराब हो गई थी। इससे समस्या और बढ़ गई। नगर पालिका की टीम ने मंगलवार भोर तक लगातार काम कर मोटर ठीक की। इसके बाद जलापूर्ति आंशिक रूप से बहाल हो सकी। हालांकि फटी वॉटर लाइन की मरम्मत नहीं हो पाई। जलकल प्रभारी पंकज ने बताया कि पंप हाउस की मरम्मत में सभी कर्मचारी व्यस्त थे। इसलिए पाइप लाइन का कार्य टल गया। आज सुभाष नगर के सामने फटी वॉटर लाइन को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# 829 परीक्षकों ने जांची 20246 कापियां

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

- **जीजीआईसी में शत-प्रतिशत कापियों का हुआ मूल्यांकन**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन के 11वें दिन चार मूल्यांकन केंद्रों में 829 परीक्षकों ने 20246 कापियों का मूल्यांकन कर लिया है। कुल 336042 कापियों में 333461 का मूल्यांकन अब तक हो गया है। जो करीब 99.23 प्रतिशत है।



कॉपियों का मूल्यांकन करते परीक्षक। अमृत विचार

डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 49 डिप्टी हेड व 234 परीक्षकों ने 6440 कापियों का मूल्यांकन किया। यहां अब तक 97746 कापियों का मूल्यांकन हुआ है। जो करीब 99.58 प्रतिशत है। जीआईसी में हाईस्कूल के 24 डिप्टीहेड व 128 परीक्षकों ने 6010 कापियों का मूल्यांकन किया। यहां अब तक 88385 कापियों का मूल्यांकन हुआ है। जो करीब 97.73 प्रतिशत है। जीजीआईसी में इंटर के 26 डिप्टी हेड व 196 परीक्षकों ने केवल 667 कापियों का मूल्यांकन किया। मंगलवार तक यहां 73180 कापियों का मूल्यांकन कर सभी कॉपियां जांच दी गईं। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 27 डिप्टीहेड व 146 परीक्षकों ने 7129 कापियों का मूल्यांकन किया है। यहां अब तक 74150 कापियों का मूल्यांकन हुआ है। जो करीब 99.77 प्रतिशत है।

# पुल निर्माण के चलते धूल व जाम से लोग बेहाल

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन रेलवे पुल का निर्माण कार्य फिर से शुरू होने से जहां एक ओर राहत मिल रही है वहीं दूसरी ओर यह निर्माण लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है।

पुल निर्माण की धीमी गति व अव्यवस्थाओं के चलते स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को मुश्किलों का सामना कर रहा है। निर्माण स्थल पर दिन भर भारी मशीनों की आवाजाही व बड़े पैमाने पर हो रही खुदाई ने मुख्य मार्ग को बेहद संकरा कर दिया है। इससे आवागमन पूरी तरह बाधित है। राहगीरों को न केवल घंटों लंबे जाम से जूझना पड़ रहा है बल्कि उबड़-खाबड़ रास्तों से दुर्घटनाओं का भय



अजगैन पुल निर्माण के लिये होता काम। अमृत विचार

- **पुल निर्माण की धीमी गति व अव्यवस्थाओं के चलते क्षेत्रीय लोग हो रहे परेशान**

भी बना रहता है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों व स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। निर्माण कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल ने आसपास के दुकानदारों व निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। घरों व दुकानों के सामान पर धूल की परत जम रही है। लोगों का कहना है कि धूल के कारण सांस लेने में तकलीफ हो रही है। लेकिन प्रशासन या सेतु निगम की ओर से पानी के छिड़काव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मुख्य मार्ग बाधित होने से लोग वैकल्पिक रास्तों के रूप में गांव के अंदर की सड़कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारी वाहनों के दबाव के चलते ये सड़कें टूट चुकी हैं। अब गांवों में भी दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर हो है। स्थानीय लोगों ने सेतु निगम व जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। धूल से राहत के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल हो रही सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

**मारपीट में दोषी 4 भाइयों को 2-2 साल की सुनाई सजा**

**उन्नाव, अमृत विचार।** मुंसिफ कोर्ट पुरवा ने मारपीट की घटना के करीब 32 साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए 4 सगे भाइयों को 2-2 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1500-1500 का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि मौरावां पुलिस ने 15 नवंबर-1994 को तहरीर के आधार पर थानाक्षेत्र के अकोहरी गांव निवासी वासुदेव पुत्र जगन्नाथ, उसके भाई किशुन, सहदेव व गोविंद पर रिपोर्ट दर्ज की थी। आईओ रहे तत्कालीन दरोगा आरएस सिंह ने जांच कर चारों के विरुद्ध 31 दिसंबर-1994 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मामला मुंसिफ कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को शासकीय अधिवक्ता शाश्वत राम पांडेय की दलील व आईओ के द्वारा पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने वासुदेव, किशुन, सहदेव व गोविद को दोषी ठहराते हुए उन्हें 2-2 साल की सजा सुनाई।



जलस्तर घटने से पश्चिमी क्षेत्र में रुकी कटान। अमृत विचार

## बढ़ने के बाद 15 सेंटीमीटर घटा गंगा का जलस्तर, कटान रुकी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** पश्चिमी बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद तेजी से बढ़ा गंगा का जलस्तर अब घटने लगा है। बीते दो दिनों में जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। जिससे कटान की स्थिति फिलहाल स्थिर हो गई है। हालांकि जलस्तर घटने से किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जायद की फसलें पानी में डूबकर बर्बाद हो गई हैं। बताया गया कि जलस्तर बढ़ने से रेलवे पुल से मिश्रा कॉलोनी तक गंगा किनारे कटान शुरू हो गई थी। अब जलस्तर कम होने से कटान थमा है जिससे राहत मिली है। लेकिन जिन खेतों में पानी भर गया था वहां से पानी उतरने के बाद फसलें खराब हो चुकी हैं। सोमवार शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर 108.920 मीटर दर्ज किया गया था। जो मंगलवार शाम 5 बजे 15 सेंटीमीटर घटकर 108.770 मीटर रह गया। बैराज से मिली जानकारी के अनुसार गंगा में अभी भी हरिद्वार, नरौरा और अन्य बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है।

# विवाहिता ने पति व ससुरालियों पर लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत श्याम पुरवा गांव निवासी विवाहिता ने अपने पति व अन्य ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़िता रीना पुत्री सोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व कोतवाली सफीपुर के अहमदाबाद माथर गांव निवासी पंकज पुत्र गंगाचरण से हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। लेकिन ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज में कमी बताकर अतिरिक्त दहेज की मांग की जाती रही। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर शादी के बाद से ही पति पंकज, सास कुसमा व ससुर गंगाचरण आएदिन गालीगलौज कर मारपीट करते थे। वह काफी समय तक यह सब सहन करती रही लेकिन जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो ससुराल वालों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। इसके बाद से पति उसे वापस ले जाने के लिए तैयार नहीं है। कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# देश संक्रमण काल से गुजर रहा : सुरेंद्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में होली व ईद मिलन समारोह संपन्न हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आज देश को विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं। देश संक्रमण काल की स्थिति से गुजर रहा है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी का 1 वर्ष सकुशल बीतने पर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व को सराहा व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह, उपाध्यक्ष संगठन चंद्र प्रकाश शुक्ला छुन्ना, पूर्व अध्यक्ष




कार्यक्रम का संचालन करते संजीव श्रीवास्तव।

- **जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हुआ होली व ईद मिलन समारोह**

जंग बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष शिवम अवस्थी, सलमान शाहिद, कमलेश तिवारी, अमरेंद्र प्रताप सिंह, अजय गौतम, मणिकांत रावत, पुत्तीलाल वर्मा, शंकर लाल गौतम, मुनेश्वर वर्मा, ओमकांत पाण्डे आदि ने संबोधित किया। इसमें मौजूद महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। वहीं पुरुषों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद व होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक जिला कोषाध्यक्ष शिवम अवस्थी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन संजीव श्रीवास्तव ने किया।

**अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल संपन्न**

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र-2026-27 के अंतर्गत अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल सप्रू स्टेडियम शुक्लागंज में संपन्न हुए। प्रथम चरण में आए करीब 65 खिलाड़ियों में 40 का चयन दूसरे चरण हेतु किया गया। दूसरे चरण के अंतर्गत सेलेक्शन मैचों का आयोजन हुआ। इसमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी व विकेट कीपिंग का प्रदर्शन किया। जिसका चयनकर्ता नवीन सिन्हा, कैलाश नेगी व अभिषेक श्रीवास्तव ने गंभीरता से आकलन किया।

# सदर विधायक के प्रयास से पार्क के कायाकल्प को मिले 2.50 करोड़

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित वृन्दावन पार्क के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रयासों से प्रदेश सरकार ने विकास हेतु दो करोड़ 50 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है। इस घोषणा के बाद स्थानीय नागरिकों व रामलीला कमेटी में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सदर विधायक ने बताया कि वे इस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। पूर्व में इसे अमृत योजना में शामिल कराकर विकास कार्य कराने व छठी मईया पूजा स्थल बनवाने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री से भेंट की थी। उन्होंने श्रीरामलीला कमेटी व विभिन्न संस्थाओं के मांगपत्र को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। इसके बाद परियोजना को मंजूरी मिली। स्वीकृत बजट से वृन्दावन पार्क को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से भव्य मंच व कक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों व रामलीला के बेहतर आयोजन के लिए आधुनिक बाउंड्री व भव्य गेट, सुरक्षा व सौंदर्य को बढ़ाने के लिए, पार्क को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सोलर, बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग व सौंदर्यीकरण का कार्य होगा। इस पर क्षेत्रीय सभासद अशोक सिंह मुन्ना, रामलीला कमेटी के जीएस भदौरिया, राकेश सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, गोपाल अवस्थी ने आभार जताया है।

**योजना** | भाजपा ने स्थापना दिवस सप्ताह धूमधाम से मनाने की बनाई रणनीति

# घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर ली जाएगी सेल्फी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस समारोह जिले में 6 से 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जानकारी दी गई की स्थापना दिवस सप्ताह में किन तिथियों में क्या-क्या कार्यक्रम किया जाना है। इसमें अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि 5, 6 व 7 अप्रैल को जिला व मंडल कार्यालयों को रंगोली, फूलों



बैठक को सम्बोधित करते अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा।

व स्वदेशी झालरों से सजाया जाएगा। इसके साथ 6 व 7 अप्रैल को सभी बूथों पर महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और भाजपा की विचारधारा पर आधारित कार्यक्रम होंगे। कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर सेल्फी अभियान चलाएंगे और इसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। 7 से 12 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान, बुद्धिजीवियों व गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क, सम्मान कार्यक्रम व केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों पर चर्चा होगी। लाभार्थियों से जनसंपर्क भी किया जाएगा। बैठक में पुरवा विधायक अनिल सिंह, जिला संयोजक सरोज सिंह चौहान, जिला महामंत्री नूतन सिंह, मनीष जायसवाल, रजनीश वर्मा आदि ने सुझाव रखें। मीडिया प्रभारी विजय द्विवेदी, जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

**अभियान में तीन जगह बिजली चोरी पकड़ी**

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** नगर में बिजली चोरी की बढ़ती शिकायतों के बीच मंगलवार भोर में विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। जेई चांद बाबू के नेतृत्व में सुबह 4 बजे टीम ने गांधी नगर व प्रेम नगर क्षेत्रों में छापेमारी की। जहां 3 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। अभियान के दौरान गांधी नगर में एक मकान में अवैध कनेक्शन से बिजली उपयोग करते हुए उपभोक्ता को रंगे हाथों पकड़ा गया। वहीं प्रेम नगर क्षेत्र में भी 2 घरों में बिजली चोरी होती मिली। टीम ने मौके पर साक्ष्य के रूप में वीडियो रिकॉर्डिंग की। जेई चांद बाबू ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# अमृत योजना के तहत जामा मस्जिद गली में डाली जा रही पेयजल पाइप लाइन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** नगर में अमृत पेयजल योजना के तहत जल निगम द्वारा भूमिगत पाइप लाइन बिछाने का कार्य हो रहा है। इसी क्रम में राजमार्ग स्थित जामा मस्जिद गली में मंगलवार को पाइप लाइन डालने का काम शुरू हुआ। इसके चलते गली में खुदाई कर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिससे आसपास के लोगों को अस्थायी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, इस परियोजना के अंतर्गत करीब 12 मीटर लंबी भूमिगत पेयजल पाइप लाइन डाली जा रही है। इसे नगर पालिका की पानी की टंकी से जुड़ी मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा जाएगा। जिससे क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत हो सके।

खास तौर पर पश्चिमी क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने के उद्देश्य से यह कार्य हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने का काम तो चल रहा है लेकिन कब तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी इसकी अभी कोई जानकारी नहीं है। वहीं जल निगम



पाइप लाइन डालने के लिये खोदाई करते कर्मचारी।

की ओर से क्षेत्र के कई गली, मोहल्लों में पाइप लाइन डाली गई लेकिन अभी तक जलापूर्ति नहीं चालू हो सकी है। जबकि कई स्थानों पर टेस्टिंग के दौरान पाइप लाइन लीकेज और फटने से पानी बहकर बर्बाद हो चुका है। वहीं खोदाई के दौरान रास्ता बाधित होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। जल निगम के अधिकारियों का कहना है कि कार्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

